प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



महाराष्ट्र में टीपू सुल्तान को लेकर राजनीतिक तापमान हुआ गर्म पेज- 2

शिविर में 38 अभ्यर्थियों का हुआ चयन पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 61 | गुरुवार 19 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026

## -पीएम मोदी से मिले गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

(एजेंसी) नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली इस समय पूरी दुनिया के डिजिटल फ्यूचर का सेंटर बनी हुई है। मौका है इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का, जहां तकनीकी जगत के दिग्गज और दुनिया भर के राजनेता एक साथ जुटे हैं। इस बीच गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को पीएम मोदी से मुलाकात की. इस मुलाकात से पता चलता है कि ग्लोबल एआई क्रांति में भारत अब केवल एक बाजार नहीं, बल्कि लीडर की भूमिका में है। पीएम मोदी ने सुंदर पिचाई के साथ हुई इस बैठक को खास बताया। एक्स पर साझा किए गए अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि चर्चा का केंद्र भारत का एआई इकोसिस्टम और यहां के प्रतिभाशाली छात्र और पेशेवर रहे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे गूगल, भारतीय युवाओं की क्षमताओं को निखारने में सहयोग कर सकता है। सुंदर पिचाई ने भी भारत आने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, एआई इम्पैक्ट समिट के लिए वापस भारत आकर बहुत अच्छा लग रहा है। पिचाई अभी दिल्ली में हैं और पूरी दुनिया की निगाहें 20 फरवरी को होने वाले उनकी स्पीच पर टिकी हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि वो



भारत के लिए गूगल के नए एआई निवेशों पर बड़ा ऐलान कर सकते हैं। पिचाई ने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में असाधारण प्रगति के लिए तैयार है और गूगल देश के एआई परिवर्तन में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बदलाव है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर डायग्नोस्टिक्स से लेकर किसानों को रियल–टाइम अलर्ट देने जैसे बड़े स्तर की चुनौतियों को हल करने में सक्षम है। पिचाई ने भारत की विविधता, बहुभाषी पारिस्थितिकी और मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नवाचार के लिए मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यह वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतांत्रिक उपयोग का एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई का विकास भरोसे, सुरक्षा और समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए होना चाहिए, ताकि तकनीक स्थानीय भाषाओं और संदर्भों में लोगों तक वास्तविक लाभ पहुंचा सके। इस दौरान पिचाई ने इंडिया–अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव की भी घोषणा की, जिसके तहत अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गूगल भारत में फुल–स्टैक कनेक्टिविटी पर काम कर रहा है और भविष्य को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने भारत में 15 अरब डॉलर के एआई हब की योजना का भी जिक्र किया, जिसमें गीगावॉट–स्तर की कंप्यूटिंग क्षमता और अंतरराष्ट्रीय सबसी केबल गेटवे शामिल होगा, जिससे रोजगार सृजन और उन्नत एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गूगल ने स्किलिंग कार्यक्रमों की भी घोषणा की, जिसमें अंग्रेजी और हिंदी में गूगल एआई प्रोफेशनल सर्टिफिकेट प्रोग्राम शामिल है, जो छात्रों और शुरुआती करियर के पेशेवरों को लक्षित करेगा। अन्य पहलों में कर्मयोगी भारत के साथ 2 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों को समर्थन, अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ 10,000 स्कूलों में जेन एआई टूल्स की शुरुआत और 30 मिलियन डॉलर का श्एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चौलेंजश भी शामिल है। पिचाई ने कहा कि एआई का सबसे बड़ा प्रभाव तब होता है जब इसे समुदायों को समझने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर विकसित और लागू किया जाए, और इसी दिशा में आईआईटी, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय संस्थानों के साथ साझेदारी के जरिए जिम्मेदारीपूर्ण और व्यापक स्तर पर एआई पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। यह समिट भारत की ग्लोबली ताकत का प्रमाण है जिसे मोदी सरकार लगातार बढ़ावा दे रही है। इस समिट में 100 से ज्यादा सरकारी प्रतिनिधि, जिनमें 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और 60 मंत्री शामिल हैं। साथ ही दुनिया भर के नामी सीईओ, संस्थापक, शोधकर्ता और सीटीओ हिस्सा ले रहे हैं। यह समिट जन, दुनिया और प्रगति के तीन पिलर्स पर बेस्ड है। सेफ्टी और भरोसा, एआई पर भारत का यह फ्रेमवर्क आने वाले समय में वैश्विक एआई नीति की दिशा तय कर सकता है।

# एआई के व्यावहारिक उपयोगों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है भारत : अश्विनी वैष्णव

(एजेंसी) नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारत, कृ



त्रिम मेधा (एआई) के व्यावहारिक उपयोगों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जिसमें उद्यमों की उत्पादकता बढ़ाना तथा स्वास्थ्य, कृषि एवं जलवायु परिवर्तन जैसी जनसंख्या से जुड़ी चुनौतियों के समाधान शामिल हैं। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के तहत एक शोध संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मंत्री ने एआई प्रदर्शनी में मंगलवार को युवाओं की मजबूत भागीदारी और उनमें दिखे उत्साह को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में करीब ढाई लाख लोगों ने हिस्सा लिया जिनमें अधिकतर की उम्र 30 वर्ष से कम थी। वैष्णव ने कहा, जब मैंने युवाओं से बात की तो जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। मैं इस बात से हैरान था कि अधिकतर युवाओं ने अपने लिए आ रहे इस अवसर को लेकर कितना सकारात्मक नजरिया अपनाया है। मंत्री ने कहा कि उन्हें भारत और दुनिया के लिए एक बिल्कुल नए भविष्य की उम्मीद दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, भारत में हम सीमांत स्तर पर कृत्रिम मेधा, व्यावहारिक उपयोगों के लिए एआई, वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए एआई, उद्यमों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए एआई और स्वास्थ्य, कृषि एवं जलवायु परिवर्तन जैसी जनसंख्या से जुड़ी समस्याओं पर खास ध्यान दे रहे हैं। भारत में यही हमारी प्राथमिकता है और यह सम्मेलन ऐसे ही अवसर प्रदान करता है। मंत्री ने संगोष्ठी में शामिल प्रतिभागियों से कृत्रिम मेधा को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस एवं व्यावहारिक सुझाव देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा एक सशक्त उपकरण है और इसका उपयोग मानवता के हित में होना चाहिए। देश के सबसे बड़े वैश्विक कृत्रिम मेधा सम्मेलनों में शामिल इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में नीति निर्माता, उद्योग जगत के लोग और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ एकत्र हुए हैं तथा यहां नवाचार, संचालन व्यवस्था एवं वास्तविक उपयोगों पर विचार–विमर्श जारी है।

## पंजाब के बठिंडा में किसानों का प्रदर्शन हुआ हिंसक, सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस के गोले दागे

(एजेंसी) बठिंडा। पंजाब के बठिंडा में, पिछले साल गिरफ्तार किये गए दो किसानों की रिहाई की मांग को लेकर बुधवार को किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर कथित पथराव के बाद पुलिस ने किसानों के प्रदर्शनकारी समूह को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन कर रहे कई किसानों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय किसान संघ (एकता उगराहां) के बैनर तले किसान जियोंद गांव में एकत्र हुए और बठिंडा जिला प्रशासनिक परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को बठिंडा जिला प्रशासनिक परिसर की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बठिंडा और आसपास के जिलों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। बठिंडा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ज्योति यादव बैंस ने बताया कि भीड़ छतों से पुलिस पर पथराव कर रही थी। उन्होंने कहा, आक्रमक भीड़ को नियंत्रित कर लिया गया और स्थिति काबू में है। प्रदर्शन में शामिल एक किसान ने हालांकि दावा किया कि पुलिसकर्मियों ने बिना किसी उकसावे के आंसू गैस के गोले दागे। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने विरोध प्रदर्शन के आह्वान के मद्देनजर किसान नेताओं के आवासों पर छापेमारी की और उन्हें हिरासत में ले लिया। भाकियू (एकता उगराहां) ने पिछले साल एक विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किये गए और अप्रैल से बठिंडा जेल में बंद किसान शगनदीप सिंह जियोंद और बलदेव सिंह चौके की रिहाई की मांग को लेकर बुधवार को विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। वहीं, बठिंडा में आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे किसानों को पटियाला के समाना में समाना–भवानीगढ़ मार्ग पर गजेवास गांव के पास पुलिस ने रोक दिया। किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने मिट्टी से लदे ट्रक सड़क पर खड़े कर दिए।

# यूपी में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपा

## -टाइप-8 बंगला अलॉट होने पर भी बोलीं मायावती

(एजेंसी) लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने गठबंधन को लेकर चल रही तमाम चर्चाओं को पूरी तरह भ्रामक और निराधार करार दिया है। मायावती ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे गठबंधन से जुड़ी उल्टी खबरों पर ध्यान न दें और हाथी की मस्त चाल चलते हुए चुनावी तैयारियों में जुट जाएं। मायावती का टार्गेट 2007 की तरह ही प्रदेश में बसपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनाना है। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली में खुद को आवंटित हुए टाइप–8 बंगले को लेकर भी सफाई दी और कहा कि यह सुरक्षा की दृष्टि से आवंटित किया गया है। मायावती ने विरोधियों को नसीहत दी है कि बंगले को लेकर कोई भी गलत सूचना न फैलाएं। मायावती ने कहा कि बसपा के किसी अन्य दल के साथ हाथ मिलाने की खबरें सिर्फ भ्रम फैलाने की कोशिश हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी चर्चाएं जानबूझकर चलाई जा रही हैं, जिससे कार्यकर्ताओं का ध्यान भटकाया जा सके। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि पार्टी अपनी ताकत पर भरोसा करती है और बिना किसी बैसाखी के चुनाव लड़ेगी। मायावती ने कैडर में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को विरोधियों के दुष्प्रचार से प्रभावित होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने नारा दिया कि पार्टी को 2007 वाला इतिहास दोहराना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर जाकर जनता को बीएसपी की नीतियों से जोड़ने और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के संकल्प के साथ काम करने को कहा है। मायावती ने गठबंधन की संभावनाओं को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि बसपा को यह अच्छी तरह पता है कि सपा, कांग्रेस और भाजपा की विचारधारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की सोच के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इन दलों से गठबंधन करने से बसपा को कभी फायदा नहीं हुआ, बल्कि हमेशा बड़ा राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ा है। मायावती ने आरोप लगाया कि जब–जब बसपा ने गठबंधन किया, विपक्षी दलों ने बसपा का वोट तो ले लिया, लेकिन अपना वोट बसपा को ट्रांसफर कराने में नाकाम रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि श्हाथी की मस्त चालश चलते हुए 2027 के मिशन में डटे रहे। सोशल मीडिया पर दिल्ली में केंद्र सरकार द्वारा नया बंगला आवंटित किए जाने को लेकर आ रही खबरों पर भी मायावती ने कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि इसे



लेकर गलत और गुमराह करने वाली बातें प्रसारित की जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा को देखते हुए ही काफी समय बाद टाइप–8 का बंगला अलाट किया है। इसे लेकर बसपा को नुकसान पहुंचाने वाली बातें फैलाई जा रही हैं। केंद्र की वर्तमान सरकार ने मेरी सुरक्षा के हिसाब से कई बंगले अलाट किए थे। लेकिन सुरक्षा कारणों से नहीं लिया था। लिया भी था तो छोड़ दिया था। अब टाइप–8 का बंगला अलाट किया है तो उसे मैंने स्वीकार कर लिया है। इसे लेकर किस्म किस्म की गलत बातें प्रसारित की जा रही हैं। मायावती ने कहा कि सपा सरकार के चलते और उसके मुखिया के इशारे पर दो जून 1995 को लखनऊ में स्टेट गेस्ट हाउस में मेरे ऊपर हमले के बाद अगले दिन बसपा के नेतृत्व में बनी पहली सरकार के बाद से ही मुझे विशेष और उच्च सुरक्षा भारत सरकार द्वारा दी गई है। सुरक्षा खतरा कम होने के बजाय बढ़ जाने के कारण बीएसपी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते फिर दिल्ली में टाइप–8 का बंगला पहले दिए गए बंगले के बदले दिया गया है। पहले भी मुझे टाइप–8 का बंगला मिलता रहा है।मायावती ने कहा कि जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आएगा, विरोधी पार्टियां साम–दाम–दंड–भेद के हथकंडे अपनाए जाएंगे और बसपा को सत्ता से दूर रखने के षड्यंत्र और भी बढ़ते जाएंगे। ऐसे में सभी आंबेडकरवादियों को सतर्क रहना चाहिए।

# रायबरेली में पेड़ ने ली 3 दोस्तों की बलिय कार बनी कब्रगाह

(एजेंसी) रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में बुधवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की जान चली गई। रफ्तार का कहर ऐसा था कि कार के पेड़ से टकराते ही मौके पर चीख–पुकार मच गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन को घायलों की हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, हादसा डीह थाना क्षेत्र के गोपालपुर के पास हुआ। प्रतापगढ़ के सांगीपुर निवासी पांच दोस्त रायबरेली से वापस अपने घर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार बहुत तेज थी, जिसके कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी सीधे एक बड़े पेड़ से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी सलोन के अनुसार, कार में सवार मुकेश कुमार और कुणाल कुमार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, 3 अन्य घायलों को आनन–फानन में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान विष्णु ठाकुर ने भी दम तोड़ दिया। इस हादसे ने तीन परिवारों के चिराग बुझा दिए हैं, जिससे पूरे सांगीपुर इलाके में मातम पसरा है। हादसे में घायल चंदन मिश्रा और अभिषेक सिंह को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रायबरेली रेफर किया



गया है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि हादसा केवल तेज रफ्तार की वजह से हुआ या फिर चालक को झपकी आने या किसी तकनीकी खराबी के कारण यह भीषण टक्कर हुई।

# एआई समिट विवाद गरमाया, रोबोटिक डॉग पर आया राहुल गाँधी का रिएक्श,एआई को मजाक बनाकर रख दिया

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एक निजी विश्वविद्यालय



द्वारा चीन में निर्मित रोबोटिक कुत्ते को प्रदर्शित किए जाने का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि सरकार द्वारा आयोजित यह बड़ा कार्यक्रम सिर्फ पीआर (प्रचार) का तमाशा बन गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत की प्रतिभा और डेटा का उपयोग करने के बजाय, एआई शिखर सम्मेलन अव्यवस्थित तरीके से पीआर का तमाशा बन गया है। भारतीय डेटा बिक्री के लिए उपलब्ध है और चीनी उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस ने पोस्ट किया, मोदी सरकार ने देश की छवि को अपूरणीय क्षति पहुंचाई है, उन्होंने एआई को मजाक बनाकर रख दिया है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हम अपनी डेटा शक्ति को देखते हुए विश्व के अगुवा बन सकते हैं। गलगोटिया विश्वविद्यालय ने दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में 350 करोड़ रुपये की एआई परियोजनाओं और एक रोबोटिक कुत्ते का प्रदर्शन किया। खबरों के अनुसार, ओरायन नाम का यह रोबोट चीन निर्मित पाया गया, जिसके कारण विवाद खड़ा हो गया। सूत्रों का कहना है कि विवाद के बीच गलगोटिया विश्वविद्यालय को अपना स्टॉल तुरंत खाली करने के लिए कह दिया गया है। इसमें प्रदर्शित प्रौद्योगिकी की उत्पत्ति और स्वामित्व पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, विश्वविद्यालय से तुरंत प्रदर्शनी स्थल छोड़ने को कहा गया। आलोचकों का कहना था कि यह विश्वविद्यालय का स्वदेशी नवाचार नहीं है बल्कि चीन में बना एक रोबोट है।

# तेजी के बाद भी लाल निशान में चले गए शेयर बाजार, 102.63 अंक की बढ़त के साथ खुला सेंसेक्स

(एजेंसी) मुंबई। आईटी कंपनियों के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट देखी गयी। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 102.63 अंक की बढ़त के साथ 83,553.59 अंक पर खुला, लेकिन बाद में लाल निशान में चला गया। सेंसेक्स और निफ्टी में बुधवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 247. 92 अंक या 0.30 प्रतिशत टूटकर 83,203.04 अंक पर आ गया जबकि एनएसई निफ्टी 70.25 अंक या 0.27 प्रतिशत फिसलकर 25,655.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल, मारुति सुजुकी इंडिया, एशियन पेंट्स, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, इंडिगो, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर नुकसान में रहे। वहीं आईटीसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मास्युटिकल और बजाज फाइनेंस के शेयर में तेजी रही। एशियाई बाजारों में जापान के निक्की 225 में एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त रही। चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 67.59 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने 995.21 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। दूसरी ओर घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 187.04 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# सम्पादकीय

## योगी सरकार की उपलब्धियां

नोएडा, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश के अन्य मेट्रो शहरों में स्थित 25 साल पुराने हाउसिंग अपार्टमेंट की मरम्मत होगी। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए उत्तर प्रदेश शहरी पुनर्विकास नीति–2026 लागू कर दी है। इसका मकसद तेजी से बढ़ते शहरीकरण और पुराने हो चुके ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स की जर्जर स्थिति को ठीक करना है। इस नीति से 25 वर्ष या उससे अधिक पुराने भवनों को सुरक्षित, आधुनिक और सुविधायुक्त रूप में पुनर्विकसित करना है, ताकि लोगों को बेहतर और सुरक्षित आवास मिल सके। कैबिनेट की मंजूरी के बाद शहरी एवं नियोजन विभाग द्वारा अब इस संबंध में शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। योगी सरकार की यह नीति न सिर्फ पुराने और असुरक्षित भवनों को नया जीवन देगी, बल्कि निर्माण, रियल एस्टेट और संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। बेहतर नियोजन और आधुनिक डिजाइन के जरिए यह पहल उत्तर प्रदेश के शहरों को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और भविष्य के अनुरूप बनाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। प्रदेश के कई शहरों में पुराने अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग परियोजनाएं अब संरचनात्मक रूप से कमजोर हो चुकी हैं। ऐसे भवनों में रहना जोखिम भरा हो गया है और महंगी शहरी जमीन का पूरा उपयोग भी नहीं हो पा रहा। नई नीति के जरिए सरकार इन पुराने और कम उपयोग किए जा रहे परिसरों को नए सिरे से विकसित कर शहरों के स्वरूप को बेहतर बनाना चाहती है। वहीं अब बात उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तो उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए अपनी सरकार के पिछले 8–9 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश अब बीमारू से ब्रेकथ्रू स्टेट बन चुका है। मुख्यमंत्री ने सदन में अपनी सरकार की उपलब्धियों को चार प्रमुख स्तंभों में परिभाषित किया। प्रदेश को दंगों और कर्फ्यू के साये से बाहर निकाल कर कानून का राज स्थापित किया गया। पहले जहां अराजकता होती थी, आज वहां भव्य धार्मिक और सांस्ंतिक उत्सव मनाए जा रहे हैं। जनसमस्याओं के निस्तारण की दिशा में सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। जनता के बीच सरकार और तंत्र के प्रति विश्वास जगाया गया है।योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष के आचरण पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा, राज्यपाल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख होती हैं। प्रतिपक्ष का उनके प्रति व्यवहार लोकतंत्र को कमजोर करता है और यह अवमानना के दायरे में आता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतिपक्ष द्वारा राज्यपाल (जो एक महिला हैं) के प्रति किया गया व्यवहार नारी शक्ति का अपमान है, जो समाजवादी पार्टी के नकारात्मक .ष्टिकोण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, आज उत्तर प्रदेश ट्रस्ट टेक्नोलॉजी एंड ट्रांसफॉर्मेशन – ट्रिपल ज की त्रिवेणी बन गया है। डबल इंजन सरकार ने प्रदेश को इन्वेस्टमेंट का बेहतरीन डेस्टिनेशन बनाने का काम किया था। 2017 के पहले गुंडे और माफिया इस प्रदेश में समानांतर सरकार चला रहे थे। वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया का राज था। प्रदेश की छवि अराजकता और अस्थिरता का पर्याय बन गया था। मुख्यमंत्री ने हाल ही में संपन्न हुए माघ मेले की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि आज जनता को व्यवस्था और सुरक्षा पर अटूट विश्वास है। पूरे माघ मेले के दौरान 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। केवल महाशिवरात्रि के अवसर पर 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। सुरक्षा के लिए पीएसी की 3 महिला बटालियनें (उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई) कार्यरत हैं। योगी ने सदन के माध्यम से संदेश दिया कि राष्ट्रीय प्रतीकों और संवैधानिक प्रमुखों का सम्मान करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया में एआई जैसे क्षेत्रों में नेतृत्व कर रहा है (दिल्ली एआई समिट का जिक्र), ऐसे में हमें ऐसा आचरण करना चाहिए जो आने वाली पीढ़ी को गलत दिशा में न ले जाए।



नफीस जाफरी

# मोदी सरकार विफल

ट्रंप अधिकतम वसूली करने और भारत की भू–राजनीतिक प्राथमिकताओं को अपने अनुरूप ढालने की कोशिश की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मोर्चों पर भारत के संप्रभु अधिकारों एवं भारतीय हितों की रक्षा करने में नरेंद्र मोदी सरकार विफल रही है। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी साझा बयान इस संबंध में सोशल मीडिया पोस्ट पर डॉनल्ड ट्रंप की पूर्व घोषणा के अनुरूप है। इसमें शामिल शर्तों के मद्देजनर यह भी कहा जा सकता है कि पूरा समझौता ट्रंप की शर्तों पर है। ह्वाइट हाउस से जारी साझा बयान के जब पहले ही पैराग्राफ में कहा गया है कि अमेरिका के सभी औद्योगिक उत्पादों और बड़े पैमाने पर खाद्य एवं कृषि पैदावार पर से भारत टैरिफ घटाएगा, तो फिर केंद्र के इस दावे में ज्यादा दम नहीं बचता कि उसने कृषि क्षेत्र के हितों की पूरी रक्षा की है। अमेरिकी बयान में सूखा आसवक चोकर, चारे के लिए लाल ज्वार, ट्री नट्स (बादाम, काजू, अखरोट, पिस्ता आदि), ताजा और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब, स्पीरिट आदि का नाम लेकर जिक्र है, जिन पर टैरिफ खत्म किए जाएंगे। उधर पांच साल में 500 बिलियन डॉलर की अमेरिकी सामग्रियों की खरीदारी की बात भी डील का हिस्सा है। फिलहाल, भारत 85 बिलियन डॉलर का निर्यात और 45 डॉलर का आयात करता है। इस तरह उसे अमेरिका से तकरीबन 40 बिलियन डॉलर का व्यापार लाभ है। अब भारत ने औसतन प्रति वर्ष 15 बिलियन डॉलर के व्यापार घाटे में जाने का करार किया है। उसका दबाव पहले से ही डगमगाए रुपये के भाव पर पड़ेगा। उधर भारत में टैरिफ हटने का भारत के राजकोष पर दबाव महसूस किया जाएगा। ऊपर से ह्वाइट हाउस ने एक अलग विज्ञप्ति जारी कर इसकी पुष्टि की है कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करने का वादा अमेरिका से किया है। बदले में अमेरिका भारतीय उत्पादों पर लगे 50 प्रतिशत को घटा कर 18 फीसदी पर लाएगा। लेकिन यह साफ है कि समझौता दोनों तरफ लगने वाले टैरिफ तक सीमित नहीं है। बल्कि अपने परिचित अंदाज के मुताबिक ट्रंप प्रशासन ने इसके जरिए भारत से अधिकतम वसूली करने और भारत की भू–राजनीतिक प्राथमिकताओं को अपने अनुरूप ढालने की कोशिश की है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन मोर्चों पर भारत के संप्रभु अधिकारों एवं भारतीय हितों की रक्षा करने में नरेंद्र मोदी सरकार विफल रही है।

# महाराष्ट्र में टीपू सुल्तान को लेकर राजनीतिक तापमान हुआ गर्म



गुलफिशा खान

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से किए जाने के बयान पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कड़े तेवर में नजर आए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हर्षवर्धन कि छत्रपति शिवाजी महाराज की टीपू सुल्तान से जो तुलना की है, वह बेहद शर्मनाक है। वोटों के लालच में कितने भी जूते चाटे, महाराष्ट्र सहन नहीं करेगा। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने अपने बयान में छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना टीपू सुल्तान से करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का शौर्य जिस तरह का है और 'स्वराज्य' नाम का उन्होंने जो विचार दिया है, उसी परंपरा में, उनके काफी समय बाद, उनका आदर्श लेकर टीपू सुल्तान ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। सपकाल ने कहा कि टीपू सुल्तान एक महान योद्धा और भारत के सपूत थे। उन्होंने कभी किसी जहरीले या सांप्रदायिक विचार को अपने पास नहीं आने दिया। शौर्य के प्रतीक के रूप में हम टीपू सुल्तान को शिवाजी महाराज के समकक्ष देखते हैं। विदित हो कि महाराष्ट्र में टीपू सुल्तान को लेकर राजनीतिक तापमान गर्म है। भाजपा और कांग्रेस के साथ ही एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी इस मुद्दे पर टिप्पणी की है। ओवैसी ने कहा कि "टीपू सुल्तान अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हुए। उन्होंने अंग्रेजों को लव लेटर नहीं लिखे, जैसा वीर सावरकर ने किया था।" इस बीच, कांग्रेस नेता और प्रवक्ता सचिन सावंत ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट साझा कर भाजपा पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले टीपू सुल्तान का सम्मान करती थी, लेकिन अब ध्रुवीकरण की राजनीति के लिए उनके खिलाफ माहौल बना रही है। इसके बाद उन्होंने 2013 का उदाहरण दिया, जब मुंबई के एम/पूर्व वार्ड में एक सड़क का नाम "शहीद टीपू सुल्तान मार्ग" रखने का प्रस्ताव भाजपा के नगरसेवक ने पेश किया था, जिसमें आज की महापौर ऋतु तावड़े सहित कई भाजपा नेताओं के हस्ताक्षर मौजूद हैं। सावंत के अनुसार 2001 में अंधेरी (पश्चिम) में "शेरघ्एघ्मैसूर टीपू सुल्तान" रोड का नामकरण भी भाजपा के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी और भाजपा नगरसेवकों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से पास किया गया था। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येडियुरप्पा स्वयं टीपू सुल्तान की कब्र पर गए थे और आगंतुक पुस्तिका में प्रशंसा लिखकर गए थे। सचिन सावंत का आरोप है कि भाजपा ने पहले टीपू सुल्तान का सम्मान किया, लेकिन अब राजनीति में ध्रुवीकरण के लिए उनका विरोध करना शुरू कर दिया है। उन्होंने लिखा "पहले प्रेम था, अब ध्रुवीकरण के एजेंडे के लिए टीपू सुल्तान बुरे हो गए। इसे क्या कहा जाए?" उन्होंने यह भी जोड़ा "टीपू सुल्तान भगवान श्रीराम का नाम लिखी अंगूठी पहनते थे।" वहीं शिवसेना के प्रवक्ता संजय निरुपम ने कहा कि देश के महापुरुषों की तस्वीर लगाने के बदले टीपू सुल्तान की तस्वीर लगाना निंदनीय है। देश के लाखों स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि मालेगांव पहले से ही कट्टरपंथी तत्वों के लिए कुख्यात रहा है और देश में जब भी बड़ा बम विस्फोट होता है तो उसका कोई न कोई संबंध मालेगांव से जुड़ता रहा है। निरुपम ने कहा कि मालेगांव म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में डिप्टी मेयर के कार्यालय में केवल टीपू सुल्तान की तस्वीर लगाए जाने की घटना आपत्तिजनक है। उनके अनुसार, टीपू सुल्तान राष्ट्रपुरुष नहीं थे, बल्कि एक रियासत के प्रमुख थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ मैसूर में सत्ता बचाने के लिए युद्ध लड़ा, न कि देश की आजादी के लिए। एनसीपी प्रवक्ता आनंद परांपजे ने कहा कि यह बहुत गलत है। सरकारी कार्यालय में सिर्फ राष्ट्रीय नेताओं की तस्वीरें लगनी चाहिए। टीपू सुल्तान की तस्वीर लगाना ऐतिहासिक संदर्भ में विवादास्पद है और यह सरकारी स्थान की गरिमा के खिलाफ है। शाइना एनसी ने कहा कि सार्वजनिक पद पर बैठने वाले व्यक्ति को संविधान द्वारा दी गई जिम्मेदारी समझनी चाहिए। देश के सच्चे नायकों में छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर शामिल हैं, जिनका सम्मान किया जाना चाहिए। जबकि टीपू सुल्तान विवाद पर संजय राउत ने कहा है कि सपकाल और कांग्रेस का मामला हम देख लेंगे। लेकिन यह विषय पहले किसने छेड़ा? छत्रपति शिवाजी महाराज और टीपू सुल्तान की तुलना कभी नहीं हो सकती, चाहे कोई कुछ भी कहे। भाजपा ने ही मुंबई के मानखुर्द में एक बगीचे को टीपू सुल्तान का नाम दिया है। टीपू सुल्तान को मानने वाले सभी लोग भाजपा में ही हैं। गौरतलब है कि यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब मालेगांव में मेयर कार्यालय में टीपू सुल्तान की तस्वीर लगाए जाने को लेकर नया राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया है। जैसे ही तस्वीर लगने की खबर फैली, कई दलों ने आपत्ति जताई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से लेकर अन्य नेताओं ने इसे गंभीर मामला बताया। जैसा कि उल्लेखनीय है कि विवाद उस समय और बढ़ गया जब महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा कि टीपू सुल्तान को भी छत्रपति शिवाजी महाराज की तरह बहादुर और आज़ादी का प्रतीक माना जाना चाहिए। उनके बयान के बाद राजनीतिक बयानबाजी और तेज हो गई है।महाराष्ट्र में टीपू सुल्तान को लेकर चल रहा विवाद अभी ठंडा होता नहीं दिख रहा। जबकि वहीं दूसरी ओर टीपू सुल्तान से शिवाजी महाराज की तुलना वाले बयान पर विवाद बढ़ता देख महाराष्ट्र कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल का कहना है कि उनके बयान को तोड़–मरोड़ कर पेश किया गया। सपकाल ने कहा कि जो प्रश्न उनसे पूछा गया था, उसके जवाब के संदर्भ में ही उनका बयान सामने आया था। लेकिन कुछ लोग इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देने में जुटे हुए हैं, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मैं चर्चा के लिए तैयार हूं। जो प्रश्न पूछा गया था, मेरे उत्तर के संदर्भ में ही मेरा बयान है। जहां तक शिवाजी महाराज की बात है, तो उनका जो प्रचंड दीप्तिमान पराक्रम है, वह अद्वितीय है। उसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती है।





# क्या फिर एक साथ आएंगे सपा और बसपा?



फरीद वारसी

वैसे तो उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव अभी करीब एक साल दूर है। जो कि अगले साल 2027 में होंगे। अब यह बात अलग है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति में अभी से ही राजनीतिक हलचलें तेज हो गई है और यही कारण है कि यूपी में सियासत का रुख तेजी से बदल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुकाबला करने के लिए क्या अखिलेश और मायावती साथ आ सकते हैं? ये सवाल इसलिए क्योंकि सपा अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बीते रविवार को कहा कि बहुजन समाज और सपा के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं तथा भविष्य में और भी गहरे होंगे। वे मायावती के कभी करीबी रहे और पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी समेत विभिन्न दलों के 15,000 से अधिक सदस्यों के सपा में शामिल होने के मौके पर बोल रहे थे। समाजवादी पार्टी ज्वाइन करते हुए नसीमुद्दीन ने कहा कि ज्वाइनिंग के बाद में पार्टी का सबसे जूनियर हूं, सारे नेता मेरे सीनियर हैं। अखिलेश की तारीफ करते हुए नसीमुद्दीन ने कहा कि मैं जिस भी पार्टी में रहा नेता अखिलेश यादव को मानता रहा अखिलेश की प्रशंसा में नसीमुद्दीन ने शायरी पढ़ते हुए कहा– हयात लेकर चलो कायनात लेकर चलो चलो तो सारे जमाने को साथ लेकर चलो। मुख्यमंत्री योगी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि चिड़िया की आंखों पर निशाना लगाना है सरकार बदलनी है, 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। बुलडोजर पर अटैक करते हुए नसीमुद्दीन में कहा कि अपराध चरम पर है, ज्यादा बोलेंगे तो बुलडोजर चल जाएगा बात दोहराते हुए शेर पड़ा– दुनिया में कहीं ऐसी तमसीद नहीं मिलती कातिल ही मोहब्बत है, कातिल ही सिपाही है, महसूस ये होता है कि यह डर तबाही है शीशे की अदालत है पत्थर की गवाही है। अखिलेश यादव ने इसे ''पीडीए का प्रेम प्रसार समारोह बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम लोगों के बीच भाईचारा तथा आपसी सहयोग को मजबूत करेगा। विदित हो कि अखिलेश यादव ने 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों समुदाय को साधने के लिए 'पीडीए' शब्द गढ़ा था. उन्होंने कहा कि शांति और प्रगति पीडीए की नींव पर टिकी है, सामाजिक एकता सकारात्मक और प्रगतिशील राजनीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है और इसीलिए हमने इसे पीडीए नाम दिया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पारंपरिक होली समारोहों से पहले पीडीए होली मिलन का आयोजन किया जा रहा है। सपा में शामिल होने वालों में पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के अलावा अपना दल (सोनेलाल) के पूर्व विधायक राजकुमार पाल भी शामिल हैं। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के वरिष्ठ नेता और मायावती के करीबी रहे सिद्दीकी 2017 में बसपा से निष्कासित होने से पहले मायावती की सरकार में चार बार मंत्री रह चुके थे। बाद में वह कांग्रेस में शामिल हुए और हाल में उन्होंने कांग्रेस छोड़ने का फैसला किया। अखिलेश यादव ने कहा कि यह गठबंधन महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे पीडीए की संभावनाएं और मजबूत होंगी। विपक्ष की एकता के पिछले प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर और राम मनोहर लोहिया ने एक बार राजनीति को नयी दिशा देने के लिए मिलकर काम करने का प्रयास किया था, लेकिन परिस्थितियों और राजनीतिक माहौल ने उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि गठबंधन बने और बाद में टूट गए, लेकिन हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में हम मिलकर उस संघर्ष को और मजबूत करेंगे। गौरतलब है कि सपा और बसपा ने 1993 में विधानसभा चुनाव के पहले गठबंधन किया था और उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बनी। हालांकि जून 1995 में यह गठबंधन टूट गया और फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से मायावती नीत बसपा सरकार बनी। इसके बाद, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले बसपा और सपा ने उत्तर प्रदेश में फिर गठबंधन किया था, लेकिन चुनाव के बाद यह गठबंधन टूट गया। परोक्ष रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए यादव ने शंकराचार्य का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि सपा उनके साथ खड़ी है। प्रयागराज में माघ मेले के दौरान जिला प्रशासन और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के बीच हुए विवाद पर विधानसभा में अपने हालिया संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुप्पी तोड़ी और कहा कि शंकराचार्य की उपाधि का उपयोग हर कोई नहीं कर सकता। योगी ने इस बात पर बल दिया कि धार्मिक आयोजनों के दौरान धार्मिक मर्यादा और कानून का पालन किया जाना चाहिए। अखिलेश यादव ने किसी का नाम लिए बिना कहा, "पीड़ित लोग पीडीए हैं और हम शंकराचार्य जी के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि परंपराओं पर सवाल उठाने और दूसरों से "प्रमाणपत्र" मांगने के प्रयास किए जा रहे हैं।




# उलटा पड़ सकता है किताब को लेकर मुकदमे का दांव

राजेंद्र शर्मा

सर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की कथित रूप से प्रकाशित अप्रकाशित किताब सरकार के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गई है, जिससे उबरने के लिए उसे पुलिसिया कार्रवाई का सहारा लेना पड़ा है। चूंकि उस किताब की सॉफ्ट कॉपी ऑनलाइन सर्कुलेट हो चुकी है और अभी भी हो रही है, लिहाजा दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। दिल्ली में संगीन अपराधों पर नियंत्रण पाने में नाकाम दिल्ली पुलिस अब इस मामले की जांच–पड़ताल में अपनी ऊर्जा खपाएगी कि आखिर यह किताब पीडीएफ फार्मेट में कैसे ऑनलाइन लोगों तक पहुंच रही है। जनरल नरवणे की यह वही किताब है जिसके हवाले से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर लोकसभा में सरकार से सवाल पूछना चाहते थे लेकिन सरकार इसके लिए तैयार नहीं हुई और उसने किताब के अस्तित्व को ही नकार दिया। दरअसल जनरल नरवणे की किताब श्फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनीश के प्रकाशित होने या नहीं होने को लेकर स्थिति अभी साफ नहीं है। सरकार का कहना है कि उसने अभी किताब को छापने की मंजूरी नहीं दी है। विवाद बढ़ने पर प्रकाशक पेंग्विन इंडिया की ओर से भी कहा गया कि उसने अभी किताब नहीं छापी है। मुकदमा दर्ज करने के बाद दिल्ली पुलिस ने कहा कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों और कुछ वेबसाइटों पर किताब की पूर्व प्रकाशित पीडीएफ कॉपी मिल रही है। किताब का आवरण भी ऑनलाइन मार्केटिंग एजेंसी अमेजन के प्लेटफॉर्म पर दिखाया जा रहा है, जैसे कि किताब खरीदी–बिक्री के लिए उपलब्ध है। चूंकि किताब को प्रकाशित करने की जरूरी मंजूरी रक्षा मंत्रालय से नहीं मिली है, इसलिए किताब का लीक होना सुरक्षा नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है। इस मामले में दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने एफआईआर दर्ज की जब पिछले दिनों संसद में भारी हंगामा हुआ। श्द कारवांश मैगजीन में प्रकाशित हुए किताब के कुछ अंशों का हवाला देते हुए राहुल गांधी 2 फरवरी को लोकसभा में कुछ बोलना चाहते थे। किताब के उन अंशों के मुताबिक जनरल नरवणे ने लिखा है कि 2020 में गलवान घाटी में चीन से टकराव के दौरान जब उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को जानकारी दी कि श्चीनी टैंक हमारी ओर आ रहे हैंश, तो लंबे समय तक उन्हें किसी की भी ओर से कोई निर्देश नहीं मिला। बाद में रक्षा मंत्री के मार्फत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश आया– श्जो उचित समझो, वैसा करोश। राहुल गांधी का आरोप है कि मोदी ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई और सेनाध्यक्ष को अकेला छोड़ दिया। राहुल गांधी का कहना है कि किताब से चीन के आक्रामक रवैये पर प्रधानमंत्री की ठंडी प्रतिक्रिया की पोल खुल रही है इसीलिए लोकसभा में स्पीकर ने उन्हें नहीं बोलने दिया और पीएम भी इसी वजह से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस का जवाब देने नहीं आए। बहरहाल किताब को लेकर दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने जांच शुरू कर दी है कि किताब पीडीएफ फार्मेट में सोशल मीडिया तक कैसे पहुंची। जांच की आंच राहुल गांधी तक भी पहुंचनी तय है क्योंकि उन्होंने संसद परिसर में किताब की प्रकाशित प्रति भी दिखाई है। कहने की आवश्यकता नहीं कि एफआईआर राहुल को निशाना बनाकर ही दर्ज की गई है। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों से देश में श्एफआईआर क्रांतिश चल रही है। खास तौर से उत्तर–पश्चिमी भारत के राज्यों में पिछले कुछ वर्षों से मुट्ठी भर लोगों ने अपनी भावनाएं आहत होने के नाम पर तांडव मचा रखा है और सत्ता के प्रभावशाली पदों पर बैठे उनके आका अपने घटिया स्वार्थों के लिए उनकी आहत भावनाओं को शह देने का काम कर रहे हैं। इन लोगों की ये भावनाएं कभी अखबारों या सोशल मीडिया में आए किसी कार्टून, तस्वीर, लेख या विज्ञापन से, तो कभी किसी फिल्म, नाटक, कॉमेडी शो, मिमिक्री, किताब या किसी गीत से आहत हो जाती है। सरकार की आलोचना को देशद्रोह मानकर उससे भी कई लोगों की भावनाएं आहत होने के मामले सामने आते रहते हैं। आहत होने वाली ऐसी तमाम भावनाओं को सहलाने के लिए पुलिस भी बिल्कुल तैयार बैठी रहती है। किसी भी सामान्य व्यक्ति के लिए चोरी, डकैती, लूट, जानलेवा हमला, ठगी, धोखाधड़ी, बच्चे की गुमशुदगी, वाहन चोरी या वाहन दुर्घटना, यहां तक कि गंभीर से गंभीर यौन अपराध की एफआईआर लिखवाना भी आसान काम नहीं है। इसके लिए पुलिस की मिन्नतें करना पड़ती हैं या किसी प्रभावशाली नेता से सिफारिश करानी पड़ती हैय और कभी–कभी पुलिस की जेब भी गरम करना पड़ती है। अगर पीड़ित व्यक्ति की आर्थिक स्थिति कमजोर हो तो उसे पुलिस से अपमानित भी होना पड़ता है। किसी तरह से अगर एफआईआर दर्ज हो भी जाए तो इस बात की गारंटी नहीं कि आवश्यक कार्रवाई पुलिस मुस्तैदी और ईमानदारी से करेगी।... लेकिन भावना आहत होने की शिकायत मिलते ही पुलिस तत्परता से एफआरआई दर्ज कर लेती है। थाना प्रभारी भी बगैर किसी जांच–पड़ताल के मीडिया को बुलाकर टीवी कैमरों के सामने आरोपित व्यक्ति को प्रथमदृष्टया दोषी भी करार दे देता है। ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करने में भी पुलिस बिल्कुल लापरवाही नहीं दिखाती है। ऐसे सभी मामले जब कोर्ट में पेश होते हैं तो वहां भी पुलिस की तर्ज पर ही काम होता है। निचली अदालतों के जज अपने पास वर्षों से लंबित मुकदमों की कार्रवाई आगे बढ़ाने के बजाय आहत भावनाओं के मामलों की सुनवाई प्राथमिकता से करते हैं और आरोपी को सीधे जेल भेज देते हैं। बहरहाल अभी तो मामला पूर्व सेनाध्यक्ष की किताब का है जो सीधे राहुल गांधी से जुड़ा है, सो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मातहत काम करने वाली दिल्ली पुलिस उन्हें कैसे छोड़ सकती है! वैसे भी राहुल गांधी इस तरह के मुकदमे झेलने के आदी हो चुके हैं। एफआईआर क्रांति के चलते देश का शायद ही कोई राज्य होगा जहां उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज न हुआ हो। इसलिए दिल्ली पुलिस ने जो नया मुकदमा दर्ज किया है वह कायदे से उनके लिए ज्यादा चिंता की बात नहीं होनी चाहिए। हालांकि सरकार को उम्मीद है कि वह इस मुकदमे के जरिए दबाव बढ़ाएगी। वह दबाव राहुल के साथ–साथ कुछ दूसरे लोगों पर भी हो सकता है। दिल्ली पुलिस अन्य तथ्यों के अलावा खास तौर से इस बात की जांच करेगी कि यह किताब राहुल गांधी को कहां से मिली। यह सवाल तो है कि जब सरकार कह रही है कि उसने किताब छापने की मंजूरी नहीं दी है और प्रकाशन कंपनी भी कह रही है कि किताब छपी नहीं है, तो फिर राहुल गांधी कहां से उसकी प्रति लेकर संसद में पहुंचे थे? उन्होंने कहा था कि वे यह किताब लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देंगे। हालांकि उन्होंने यह भी दावा किया था कि प्रधानमंत्री सदन में नहीं आएंगे। दिलचस्प बात यह है कि सचमुच चार फरवरी को प्रधानमंत्री लोकसभा में नहीं पहुंचे, जहां शाम को पांच बजे उन्हें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई आधी–अधूरी चर्चा का जवाब देना था। स्पीकर ने कहा कि उन्होंने कुछ अप्रत्याशित घटित होने की आशंका के चलते मोदी को सदन में आने से रोक दिया था। बहरहाल, दिल्ली पुलिस जब इस बात की जांच करेगी कि राहुल गांधी को किताब कहां से मिली, तो उसके साथ कई बातों की जांच होगी। जैसे कि, किताब कैसे छपी, किसने छापी और कहां छापी? राहुल गांधी को किताब कहां से मिली? कहा जा रहा है कि किताब विदेश में छपी है। तो सवाल होगा कि विदेश से किसने किताब लाकर उनको दी? प्रकाशक से भी पूछताछ होगी। हालांकि प्रकाशक ने कह दिया है कि उसने न तो किताब छापी है और न उसका कोई अंश लीक किया है। सो, इस बात की भी जांच होगी कि जिस पत्रिका ने किताब का अंश छापा उसे वह कहां से मिला था? इसकी जांच की आंच जनरल नरवणे तक भी पहुंचेगी क्योंकि अगर प्रकाशक ने नहीं लीक की है, तो दूसरा स्रोत लेखक ही हो सकता है। सरकार के संसदीय प्रबंधक उम्मीद कर रहे हैं कि इससे वे विपक्ष पर दबाव बना पाएंगे। हालांकि उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं है कि इसका विपरीत भी हो सकता है। वे भूल रहे हैं कि यह विवाद जितना बढ़ेगा, सरकार को उतना ही नुकसान होगा। लोगों के मन में सवाल उठेगा कि आखिर सरकार क्यों एक पूर्व सेनाध्यक्ष द्वारा लिखी किताब की बातें बाहर आने से रोकना चाहती है? सेना का मामला भावनात्मक जुड़ाव वाला होता है। लोगों को यकीन हो गया है कि पूर्व सेना प्रमुख कुछ ऐसा बताना चाहते हैं, जिसे सरकार छिपाना चाहती हैय तो उसका उलटा असर होगा। इसलिए किताब को लेकर मुकदमे का दांव सरकार को उलटा भी पड़ सकता है।

# दांपत्य सूत्र में बंधे कई हिंदू व मुस्लिम जोड़े।

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। (नूरपुर) मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 235 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे, जिनमें 35 मुस्लिम जोड़ें भी शामिल रहे। मंगलवार को नगर के परी गार्डन मंडप में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उर्फ बॉबी विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुख्य योजनाओं में से एक है, जिसमें विकास खंड की ग्राम पंचायतों के गरीब परिवारों की बेटियों को सम्मान के साथ विकास खंड स्तर पर सामूहिक रूप से विवाह सम्पन्न कराया जाता है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उर्फ बॉबी ने मोदी और योगी सरकार की विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 200 हिंदू और 35 मुस्लिम दंपतियों को उपहार प्रदान कर आशीर्वाद दिया। हिंदू जोड़ों का शांति कुंज हरिद्वार से आए पुरोहितों और मुस्लिम जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से विवाह पूर्ण कराया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी राशु चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा रवि चौधरी, मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, विनय चौहान, धर्मेन्द्र सैनी, बीडीओ डॉ. दिनेश पाल शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी जागेश्वर सिंह, एडीओ पंचायत करुणा चौहान, एडीओ योगेश कुमार, एकेश्वर सुन्दरियाल, सोमपाल सिंह, नीरज कुमार, सलमान खान, लोकेश आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सलीम अहमद ने किया।

# होली को लेकर अलर्ट मोड में प्रशासन, अलग-अलग बाजारों से खाद्य पदार्थो के सैंपल जुटाए

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर 18 फरवरी, 2026 (सू0वि0)– दिनेश कुमार अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) गाजीपुर के निर्देशन में जनपद में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य सें अभिसूचना आधारित प्रभावी विशेष अभियान चलाकर कुल–07 नमूना संग्रहित किया गया, जिसमें दिनांक–16.02.2026 भितरी बाजार, सैदपुर गाजीपुर स्थित रामजी राजभर के प्रतिष्ठान मेसर्स–रामजी किराना स्टोर से मस्टर्ड आयल (सलोनी ब्राण्ड) का 01 नमूना। दिनांक 17 फरवरी, 2026, महुआबाग गाजीपुर स्थित संजय गर्ग के प्रतिष्ठान मेसर्स–वेरायटी जनरल स्टोर से ब्रू ळीमम ;ळपजे ठतंदकद्ध का 01 नमूना।,गोलाघाट गाजीपुर स्थित पुरूर्षोत्तम कुमार केषरी के प्रतिष्ठान मेसर्स–राजेन्द्र एण्ड सन्स से रिफाइण्ड सोयाबीन आयल (फार्चून ब्राण्ड) का 01 नमूना।, कोटिया चट्टी मुहम्मदाबाद, गाजीपुर स्थित गोपाल कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान मेसर्स–गोपाल इण्टरप्राइजेज से कंजमे ठसपे ;ज्नर्ाि ठतंदकद्ध का 01 नमूना।, कोटिया चट्टी मुहम्मदाबाद, गाजीपुर स्थित गोपाल कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान मेसर्स–गोपाल इण्टरप्राइजेज से क्ंदमकंत ळीमम; डनहकी ठतंदकद्ध का 01 नमूना। नवापुरा मोड युसुफपुर, मुहम्मदाबाद, गाजीपुर स्थित ज्वाला चौरसिया के प्रतिष्ठान मेसर्स–मोना स्वीट्स से छेना मिठाई का 01 नमूना। बलुआ टप्पा कठउत,




हरिहरपुर गाजीपुर स्थित उमेश चन्द्र गुप्ता के प्रतिष्ठान से नमकीन (मोटू राम ब्राण्ड) का 01 नमूना। संग्रहित नमूनें खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उ0प्र0 प्रेषित किये जा रहें है, जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। नमूना संग्रहध्प्रवर्तन की कार्यवाही आर0सी0 पाण्डेय सहायक आयुक्त (खाद्य)–द्वितीय एवं गुलाबचन्द गुप्त मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी गाजीपुर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों बिपिन कुमार गिरि, ध्ानन्जय सिंह, अरविन्द प्रजापति, पंकज कुमार कन्नौजिया एवं विरेन्द्र यादव की टीम द्वारा की गयी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर द्वारा 22 फरवरी को मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो




लहरपुर, सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीतापुर द्वारा 22 फरवरी 2026 को नवीन गल्ला मंडी, सीतापुर में मेगाध्वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष आशीष जैन के निर्देशन एवं प्राधिकरण के सचिव विजय भान के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।पीएलवी (पैरा लीगल वालंटियर) रहमत अली द्वारा क्षेत्र में लोगों को विधिक प्रक्रियाओं, मेगा शिविर एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत (14 मार्च 2026) के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न विभागों की सहभागिता मेगा शिविर में राजस्व, श्रम, पंचायत राज, स्वास्थ्य, .षि, शिक्षा, पुलिस, परिवहन, वन, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, नगर पालिका, विद्युत, पशुपालन तथा खाद्य एवं रसद विभाग सहित कई विभाग अपने–अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। प्राधिकरण के सचिव विजय भान एवं जनपद न्यायाधीश आशीष जैन ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं।

# कई साल पुराने अवैध कब्जे पर जेसीबी चलवाकर कब्जा हटवाया।

न्यूज वाणी ब्यूरो



बिजनौर. ( अफजलगढ़) नगर स्थित राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज के खेल के मैदान पर छह दशक पहले कब्जा कर किए गए निर्माण को राजस्व टीम ने जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ईओ तथा पुलिस बल मौजूद रहा। लगातार स्कूल प्रशासन द्वारा इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जा रही थी। अमर उजाला ने 29 नवंबर 2025 के अंक में इस प्रकरण को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। कालागढ़ मार्ग स्थित कॉलेज के पुराने भवन के बराबर में स्कूल का खेल मैदान है। मैदान के सड़क किनारे के भाग पर नगर के ही कुछ लोगों ने अपने टिनशेड आदि डालकर दुकानें खोल रखीं हैं। धीरे–धीरे इन लोगों ने इस भूमि पर कब्जा कर लिया। गाटा संख्या 355 पर लकड़ी की टाल शुरू कर कब्जा कर रखा है। करीब 61 साल से ये लोग इस भूमि पर कब्जा किए हुए थे। इस भूमि को ये अपनी बता रहे थे, जबकि भूमि स्कूल के खेल मैदान की थी। इस भूमि पर वाद भी चल रहा था। बीते 16 अक्तूबर को वाद का न्यायालय से निर्णय हुआ, जिसमें कब्जाधारक अपना स्वामित्व सिद्ध नहीं कर पाए थे। इस पर कोर्ट ने वाद निरस्त कर दिया। कब्जाधारकों को तीन दिन के भीतर कब्जा व अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिया गया, लेकिन उन्होंने सामान नहीं हटाया।

# गन्दगी के चलते बच्चो व अभिभावकों को निकलना हुआ दूभर

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर सीतापुर। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाएं प्रारम्भ हो चुकी है।ग्राम गनेशपुर नेवादा परगना लहरपुर जिला सीतापुर में नुसरत अली द्वारा दानित जमीन पर निर्मित राजकीय इण्टर कॉलेज स्थित है।राजकीय कॉलेज का पूरा परपोसल इनके द्वारा ही करवाया गया था।आज के समय राजकीय इण्टर कॉलेज में लगभग 600 छात्र– छात्राये शिक्षा ग्रहण कर रहे है। शिक्षा को लेकर हमने बहुत सारे सपने देखे थे, कि ग्राम में कॉलेज होने से ग्राम व क्षेत्र शिक्षित होगा। ग्राम व क्षेत्र के बच्चो को दूर दराज तक शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। शिक्षित होने के नाते ग्राम व क्षेत्र का विकास होगा। क्यूंकि शिक्षा ही बदलाव का सबसे अच्छा माध्यम है। लेकिन यहाँ स्थितिया कुछ और ही है, लगता है, हमारे ग्रामवाशियों को सपनो व मेहनत की कोई परवाह नहीं है। लोग बदलाव की तरफ अग्रसर तो है, लेकिन अपने आपको बदलना नहीं चाहते है। राजकीय इण्टर कॉलेज में अन्य कॉलेजों से लगभग 500 छात्र– छात्राओं का परीक्षा सेंटर आया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी नुसरत द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिनांकरू१०/"/"०"६ को पत्र के माध्यम से भी अवगत करवाया जा चुका है। परीक्षा सेंटर होने से पहले कॉलेज के चारो तरफ साफ सफाई का कई जांच अधिकारी परीक्षा सेंटर की जाँच करते है। उसके बाद ही परीक्षा सेंटर बनता है। कॉलेज के चारो तरफ गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है। गन्दगी व दुर्गन्ध के चलते कॉलेज के छात्र– छात्राओं का निकलना व परीक्षा देना दूभर है। शायद जुम्मेदार लोगो का जमीर मर गया है। ऐसी स्थिति में हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं विद्यार्थी कैसे देंगे। उप–जिलाधिकारी लहरपुर व बी०डी०ओ० लहरपुर के सी०यू०जी० पर कॉल किया तो उपजिलाधिकारी लहरपुर का नंबर नहीं उठा।बी०डी०ओ० लहरपुर से बात किया तो अपनी जुम्मेदारी से मुँह चुराते हुए बात करते करते फोन कट कर दिया गया। दूसरी तरफ तहसीदार लहरपुर से टेलीफोनिक वार्ता की गयी। अपनी कार्यशैली व कुशल स्वाभाव के चलते क्षेत्र में आमजन मानस में अपनी पहचान रखने वाले तहसीलदार लहरपुर मनीष त्रिपाठी ने अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए, तत्काल कॉलेज परिसर के चारों तरफ साफ सफाई करवाने का अस्वासना दिया गया है।



बी०डी०ओ० लहरपुर का रवैया आमजन मानस के प्रति ठीक नहीं है, अपने कर्तव्यों का निर्वाहन सही से नहीं कर पा रहे है। जिलाधिकारी से भी गुहार लगाते हुए कहा कि राजकीय इण्टर कॉलेज गनेशपुर नेवादा का पर अपनी एक द्वष्टि डाल देंगे तो वहां की सुरक्षा व्यवस्था व कॉलेज के चारों तरफ पनपी गन्दी की सफाई हो सकेगी।

# घुमंतु समाज को बाटे गए कम्बल

न्यूज वाणी ब्यूरो



लहरपुर सीतापुर। बंजारा समाज एवं घुमंतु समुदाय के लोगों को प्रशासन ने ग्राम सभा रायपुर गंज में गाटा संख्या 282 की 11 बीघा जमीन आवंटित की है यहां पर लगभग 128 संभावित आवासों वाली बंजारा कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा है योजना का लाभ केवल वास्तविक हकदारों को मिले इसके लिए मौके पर ही परिवारों की विधवत काउंटिंग भी की जा रही है नई कॉलोनी में पक्की छत के साथ–साथ स्वच्छ पेयजल बिजली सड़क और बंजारा समाज के लोगों को अपनी नई पहचान मिल सके और समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध्ा कराई जा सके इसके लिए प्रशासन पूरी तरीके से कार्य कर रहा है समाज के जागरूक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से वहां पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके इस पर भी कार्य कर रहा है इसी श्रृंखला में सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी के द्वारा 114 लोगों को कंबल वितरित किए गए उन्होंने बताया श्री पीतांबरा शिक्षा समिति के द्वारा शीघ्र ही पात्र लोगों को होढने के लिए चादर व दैनिक जीवन में काम आने वाली सामग्री वितरित की जाएगी वितरण करने में लेखपाल राहुल यादव व प्रशासन के लोगों पूर्ण रूप से सहयोग रहा।

# केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू, तैयारी हुई पूरी।

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिजनौर . यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी यानी आज से शुरू होंगी। पहले दिन हाईस्कूल की विषय हिंदी, प्रारंभिक हिंदी की परीक्षा होगी। जनपद के 119 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 45,429 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट परीक्षा में 40,976 परीक्षार्थी पंजी.त हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग व प्रशासन ने परीक्षाओं को नकलविहीन एवं पारदर्शी बनाने के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली है। बोर्ड परीक्षा केंद्र पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। प्रत्येक परीक्षक को न्यूनतम 20 ड्यूटी अनिवार्य रूप से करनी होगी। 119 परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, 199 अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, 5 जोनल एवं 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए। साथ ही 119 स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए। इस बार हाईस्कूल परीक्षा में कुल 45,429 परीक्षार्थी पंजी.त हैं, जिनमें 23,198 छात्र और 22,231 छात्राएं शामिल हैं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में 40,976 परीक्षार्थी पंजी.त हैं, जिनमें 20,537 छात्र और 20,439 छात्राएं शामिल हैं।

# 27 फरवरी तक चलेगा एमआर टीकाकरण अभियान

## -सीतापुर में 3.81 लाख से अधिक बच्चों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य, कक्षा 1 से 5 तक के बच्चे शामिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद में मिजल्स.रूबेला (एमआर) जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एमआर टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से संचालित हो चुका है, जो 27 फरवरी तक




चलेगा। इस विशेष अभियान के अंतर्गत 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले 3,81,282 बच्चों को एमआर वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निध्ाारित किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। जिन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र संचालित है, वहां संबंधित विद्यालय के अध्यापक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सभी नोडल अध्यापकों को आवश्यक प्रशिक्षण पहले ही दिया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी बच्चे के पास आधार कार्ड उपलब्ध नहीं है, तो नोडल अध्यापक अपनी पहचान के माध्यम से बच्चे का टीकाकरण सुनिश्चित कराएंगे। टीकाकरण से संबंधित समस्त जानकारी यू–विन पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। विद्यालयों में यदि बच्चे अनुपस्थित पाए जाते हैं, तो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा गांव–गांव जाकर बच्चों को चिन्हित कर अभियान स्थल तक लाएंगी, ताकि कोई भी बच्चा छूटने न पाए। इस व्यापक अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद स्तर पर 710 एएनएम, 4160 आशा कार्यकर्ता, और 142 संगिनी को तैनात किया गया है। प्रशासन ने सभी फील्ड कर्मियों को समयबद्ध और समन्वित ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को नजदीकी विद्यालय या कैंप स्थल पर ले जाकर टीकाकरण अवश्य कराएं और जनपद को मिजल्स.रूबेला मुक्त बनाने में सहयोग करें।

## रूबेला-एमआर टीका क्यों जरूरीः डॉ0 इमरान

रूबेला एक संक्रामक वायरल बीमारी है, जो खांसने–छींकने और संक्रमित व्यक्ति के संपर्क से तेजी से फैलती है। यह बीमारी बच्चों में सामान्य प्रतीत हो सकती है, लेकिन गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद खतरनाक होती है, क्योंकि इससे अजन्मे शिशु में गंभीर जन्मजात वि.तियाँ हो सकती हैं। मीजल्स–रूबेला (एमआर) टीका बच्चों को दोनों बीमारियों से सुरक्षित करता है, संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ता है और समाज को भविष्य की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह टीका सुरक्षित, प्रभावी और सरकारी कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क उपलब्ध है।

डॉ० इमरान
डिप्टी सीएमओ (नोडल अधिकारी)
सीतापुर।

# बुर्का पहनकर जासूसी, फिर बीच सड़क 'रणचंडी' बनी पत्नीः टीचर पति को कॉलर पकड़कर घसीटा, जड़े थप्पड़

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में मंगलवार शाम एक सरकारी शिक्षक को अपनी पत्नी के गुस्से का सामना करना पड़ा। शक और धोखे की इस कहानी ने उस वक्त हिंसक मोड़ ले लिया जब पत्नी ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ने का दावा करते हुए बीच सड़क पर उसकी जमकर धुनाई कर दी। भेष बदलकर पहुंची थी पत्नी बेहटा स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक अजय नागर की पत्नी मीनू नागर को लंबे समय से अपने पति पर अवैध संबंधों का शक था। मीनू का आरोप है कि अजय का उसी के स्कूल की एक महिला सहकर्मी के साथ अफेयर चल रहा है और इसी वजह से वह पिछले 4 साल से घर नहीं आ रहा था। मंगलवार को मीनू अपनी मां और 10 साल की बेटी के साथ बुर्का पहनकर जासूसी करने पहुंचीं। जैसे ही उन्होंने अजय को महिला टीचर के साथ देखा, उनका धैर्य जवाब दे गया। चौराहे पर जमकर हुआ हंगामा मीनू ने तंबौर थाना क्षेत्र के एक चौराहे पर पति को रोका और उसका कॉलर पकड़कर थप्पड़ बरसाने शुरू कर दिए। मौके पर मौजूद भीड़ तमाशबीन बनी रही, जबकि कुछ ने बीच–बचाव की कोशिश की। गुस्से में लाल मीनू चिल्लाते हुए कह रही थीरू ष्मैं 4 साल से तुझे देख रही हूं तूने मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी। अब तू कोर्ट मैरिज करके उसे नैनीताल ले जाएगा? मेरी 9 साल की बेटी का क्या होगा? पुलिसिया कार्रवाई और आरोप–प्रत्यारोप इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी हैरू पत्नी का पक्षरू मीनू का कहना है कि अजय परिवार की जिम्मेदारियां नहीं निभा रहा और दूसरी महिला के चक्कर में घर बर्बाद कर रहा है। पति का पक्षरू अजय नागर ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थान पर उनके साथ मारपीट कर उनकी छवि धूमिल की गई है। पुलिस का बयानरू प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय के अनुसार, दोनों पक्षों की तहरीर मिल गई है। वायरल वीडियो और बयानों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शादी के 11 साल बाद आई दराररू बता दें कि अजय और मीनू की शादी साल 2014 में हुई थी। 11 साल पुराने इस रिश्ते में आई कड़वाहट अब थाने और कोर्ट की दहलीज तक पहुंच चुकी है।

# कस्बा तम्बौर के सुशीला शिशु सदन स्कूल में आज पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न कराया गया

न्यूज वाणी ब्यूरो /तंबौर सीतापुर गणतंत्र दिवस के सांस्तिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्रध्छात्राओं को आज पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर सिंह व प्रबंधक श्रीमती आराध्ाना सिंह ,व नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य संजय रस्तोगी, बृजेन्द्र सिंह (पूर्व चेयरमैन)दुष्यंत बाजपेई पदमाकर दीक्षित (पीके)पत्रकार ,दीपक यज्ञसैनी पत्रकार, अवधेश रस्तोगी , अमर रस्तोगी , रामू रस्तोगी, दीनू रस्तोगी, ने बच्चो को पुरस्त किया। तथा बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा बच्चों को भविष्य में इसी तरह सांस्तिक कार्यक्रम में प्रतिभाग लेने के लिए प्रेरित किया! व कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यापक ज्ञानेंद्र सिंह ने अपने कुशल वक्तव्य से संचालन करते हुए बच्चो में एक नई ऊर्जा का संचार किया और भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सुशीला शिशु सदन जू०हा० स्कूल के सभी अध्यापक रावेन्द्र कुमार यादव , रामलखन यादव, गौरव सिंह ,प्रशांत सिंह, रामखेलावन एवं सभ्या सिंह, अर्चना बाजपेई, साक्षी श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



# DM की 'सर्जिकल स्ट्राइक' से हड़कंपः सेमरी मोतिमदपुर में खुली सिस्टम की पोल, ANM का वेतन कटा, आंगनबाड़ी को नोटिस

न्यूज वाणी ब्यूरो/सीतापुर। सरकारी योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों की अब खैर नहीं। विकास क्षेत्र हरगांव के प्राथमिक विद्यालय सेमरी मोतिमदपुर में जिलाधिकारी राजा गणपति आर के औचक निरीक्षण ने स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की कलई खोलकर रख दी है। डीएम के सख्त तेवरों ने न केवल लापरवाह कर्मचारियों को कठघरे में खड़ा किया, बल्कि मौके पर ही कड़ी कार्रवाई कर विभाग में खलबली मचा दी। खराब मशीनें और कम आंकड़ेरू एएनएम पर गिरी गाजनिरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत बेहद चौंकाने वाली रही। वीएचएसएनडी (टीच्छक) सत्र की जांच करते समय डीएम ने पाया किरू ब्लड प्रेशर मशीन और हीमोग्लोबिन मीटर महीनों से खराब पड़ेथे। गांव की जनसंख्या के अनुपात में गर्भवती महिलाओं (भ्ट्) का पंजीकरण काफी कम मिला। कार्रवाईरू इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए डीएम ने एएनएम पिंकी देवी का 15 दिन का वेतन काटने के आदेश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि आशा बहुएं घर–घर जाकर संस्थागत प्रसव के लिए जागरूकता बढ़ाएं। आंगनबाड़ी केंद्र में बदहालीरू पुष्टाहार और मशीनों का अता–पता नहीं आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति भी संतोषजनक नहीं मिली। बच्चों का भविष्य संवारने वाले इस केंद्र पर बुनियादी उपकरणों का अभाव दिखारू बच्चों की लंबाई और वजन मापने की मशीनें नदारद थीं। पुष्टाहार वितरण में अनियमितता पाई गई। कार्रवाईरू डीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रभारी चिकित्साधिकारी को फोन पर फटकार व्यवस्थाओं में इस कदर झोल देखकर जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके से ही प्रभारी चिकित्साधिकारी को फोन लगाया और निगरानी में कमी को लेकर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर उच्चाधिकारी अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाते, तो जमीनी स्तर पर ऐसी खामियां न होतीं। शिक्षा की गुणवत्ता पर भी पैनी नजर स्वास्थ्य केंद्र के बाद डीएम ने प्राथमिक विद्यालय का भी रुख किया। वहां उन्होंने निपुण तालिका, साप्ताहिक आकलन रजिस्टर और शिक्षक डायरी की बारीकी से जांच की। बच्चों से सवाल–जवाब कर शैक्षिक गुणवत्ता को परखा। शिक्षकों को निर्देश दिए कि छात्रों की उपस्थिति और सीखने की क्षमता में किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। ष्सरकारी



योजनाओं का लाभ पात्रों तक न पहुंचना अक्षम्य है। जो भी अपनी ड्यूटी में कोताही बरतेगा, उसे सख्त से सख्त दंड भुगतना होगा। . राजा गणपति आर, जिलाधिकारी, सीतापुर निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस कार्रवाई ने जनपद के अन्य विभागों को भी सतर्क रहने का कड़ा संदेश दे दिया है।


## पनवेल-अलीपुरद्वार साप्ताहिक नई अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल साप्ताहिक नई अमृत भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल (साप्ताहिक) अमृत भारत एक्सप्रेस

| गाड़ी संख्या-11031 पनवेल-अलीपुरद्वार साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस गाड़ी प्रारम्भिक स्टेशन से नियमित सेवा दिनांक 23.02.2026 | | | गाड़ी संख्या-11032 अलीपुरद्वार-पनवेल साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस गाड़ी प्रारम्भिक स्टेशन से नियमित सेवा दिनांक 26.02.2026 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 11:50 | पनवेल | 05:30 | ..... |
| 08:30 | 08:32 | मानिकपुर | 05:43 | 05:45 |
| 09:00 | 09:02 | बरगढ़ | 04:20 | 04:22 |
| 10:25 | 10:30 | प्रयागराज छिवकी | 03:10 | 03:15 |
| 10:53 | 10:55 | मेजा रोड | 01:50 | 01:52 |
| 11:35 | 11:37 | मिर्ज़ापुर | 01:10 | 01:12 |
| 13:50 | ..... | अलीपुरद्वार | ..... | 04:45 |

- पनवेल से गाड़ी संख्या 11031, सोमवार, दिनांक : 23.02.2026
- अलीपुरद्वार से गाड़ी संख्या 11032, गुरूवार, दिनांक : 26.02.2026

गाड़ी संरचना : स्लीपर श्रेणी : 08, सामान्य श्रेणी : 11

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 371/26 (AS)



फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान

## फैसल चश्मे वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्मे वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# केन जल आरती में श्रद्धालुओं ने टीम इंडिया के लिए की प्रार्थना, मांगा आशीर्वाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की शाम केन आरती स्थल पर विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में केन जल महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर आरती कार्यक्रम को संपन्न किया। मौके पर उपस्थित समिति के जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम लगातार ही शानदार प्रदर्शन कर रही है और आगे भी ऐसे ही अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीतती रहे और विश्व कप जीतने में सफल हो इसलिए आज केन मां से प्रार्थना की गई है कि भारतीय क्रिकेट टीम विश्व कप जीतकर भारत वापस आए और दुनिया में एक बार फिर से भारतीय क्रिकेट टीम विजेता के रूप में उभर कर आए। इस दौरान समिति के जिला उपाध्यक्ष महेश धुरिया ने कहा कि आज की आरती विशेष रूप से की गई है जिसमें भारतीय टीम के उत्साहवर्धन के लिए श्रद्धिने हाथों में तिरंगा थामकर आरती कार्यक्रम को संपन्न किया है साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम को अपने शानदार प्रदर्शन के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी गई है साथ ही आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन कर विश्व कप भी हासिल करे इसलिए केन मां से सभी श्रद्धालुओं ने प्रार्थना भी की है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ने जनपदवासियों से केन नदी को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने सहयोग की अपील की एवं अन्य लोगों को भी नदी को दूषित करने से बचाने के लिए अपेक्षा की। इस दौरान आरती कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ दीपक शुक्ला जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया संदीप शुक्ला लोहा सिंह प्रेमचंद गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।



# नाबालिग बच्ची के साथ दुर्व्यवहार करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा मिशन शक्ति अभियान के तहत त्वरित कार्यवाही के क्रम में नाबालिग बच्ची के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अभियुक्त को गिरतार किया गया है । गौरतलब हो कि कल दिनांक 17.02.2026 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत एक बच्ची के साथ उसके पडोसी व सजातीय व्यक्ति द्वारा दुर्व्यवहार करने के संबंध में अभियोग पंजी.त करते हुये नामित अभियुक्त को नियमानुसार गिरतार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया । पकड़े गए अभियुक्त राजेश सोनी पुत्र अशोक सोनी उम्र करीब 45 वर्ष निवासी मोहल्ला मर्दननाका थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा जनपद बांदा के विरुद्ध मु0अ0सं0– 87/2025 धारा 75/351(3) ठछै व 9/10 पोक्सो एक्ट थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा में अभियोग दर्ज किया गया है पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक श्री हरभजन सिंह कां0 विवेकानन्द शामिल रहे।




# पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की हुई बैठक

## – मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी ने की शिरकत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बुधवार को शहर के जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की कार्य योजना बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में उपस्थित पदाधिकारियों को संगठनात्मक संरचना में अपनी सकारात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने व अन्य जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने पार्टी की संकल्पना, वैचारिक अधीष्ठान, पार्टी कार्यपद्धति, कार्य विस्तार की .ष्टि, बूथ प्रबंधन सहित विषयों को आगामी मंडल प्रशिक्षण महाअभियान में रखने की तैयारी पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम मनसा वाचा कर्मणा संगठन की मजबूती को लेकर दिन रात मेहनत करते हैं। इसकी अनवरतता में कमी नहीं होनी चाहिए। मंडल प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारियों पर कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष व मंडल टोलियों को जरूरी बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण महाअभियान के जिला संयोजक पुष्पराज पटेल, सह संयोजक अपर्णा सिंह गौतम, पंकज त्रिवेदी के साथ ही शरद श्रीवास्तव द्वारा जिम्मेदारियों को निभाया गया। प्रशिक्षण के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, पूर्व मंत्री रणवेंन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष, मनोज शुक्ला, रमाकांत त्रिपाठी, दिनेश बाजपेई, आशीष मिश्रा, उदय लोधी, नीरज सिंह, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, अर्चना त्रिपाठी, शैलेन्द्र रघुवंशी, रवींद्र पाल सिंह, कुलदीप भदौरिया, मनोज मिश्रा, प्रवीण सिंह, सुमित द्विवेदी, विक्रम चन्देल, अभिषेक श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# मैसी फर्ग्यूसन के नवीन उत्पादों की दी जानकारी

## – भट्ठा मालिकों की मीट का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। कंचन ऑटोमोबाइल्स और टैफे मैसी फर्ग्यूसन कंपनी के तत्वावधान में आवास विकास स्थित एक रिसॉर्ट में भट्ठा मालिकों की मीट का आयोजन किया गया। मीट में जिले के विभिन्न भट्ठा मालिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में टैफे कंपनी के सीनियर डीजीएम नीरज नौटियाल, मार्केटिंग मैनेजर रॉबिन त्यागी, सीनियर एरिया मैनेजर धर्मेंद्र मिश्रा, टेरिटरी मैनेजर अंकित पुनेठा, सीनियर डेमोंस्ट्रेटर राकेश सिंह, टीपीसी सुमित मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम में चार ट्रैक्टर की डिलीवरी और दो ट्रैक्टर की बुकिंग हुई। मैसी फर्ग्यूसन के नए मॉडल 9500 स्मार्ट की लॉन्चिंग भी हुई। साथ ही खास भट्ठों के लिए बनाए गए मॉडल एमएफ 245 और 7235 के बारे में भी भट्ठा मालिकों को बताया। कंचन ऑटोमोबाइल्स के प्रोपाइटर सुरेश सचान व विशिष्ट अतिथि किसान यूनियन के संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य भट्ठा मालिकों को मैसी फर्ग्यूसन के नवीनतम उत्पादों और सेवाओं के बारे में जानकारी देना रहा।

# हजारों बेरोजगार युवाओं के चेहरे पर आई मुस्कान

## -वृहद रोजगार मेले का हुआ आयोजन, 22 कई कंपनियों ने लिया हिस्सा।

## -सरकार के मिशन रोजगार के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय ने किया वृहद रोजगार मेले का आयोजन।

## -1344 बेरोजगार युवाओं को मिली अलग-अलग कंपनियों में नौकरी।

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार मिले इसको लेकर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार प्रयासरत है और मिशन रोजगार के तहत युवाओं को लगातार नौकरी देने का काम कर रही है। जिसके क्रम में बांदा के क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में शहर के केसीएनआईटी कालेज में बुधवार को वृहद रोजगार मेले का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश व प्रदेश के बाहर की कई कंपनियों ने प्रतिभाग किया और यहां पर 2200 बेरोजगार अभ्यर्थी साक्षात्कार देने आए जिसमें 1344 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इस मौके पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, केसीएनआईटी कालेज के निदेशक, सहायक निदेशक सेवायोजन व जिला सेवायोजन अधिकारी उपस्थित रहे। 22 कंपनियों ने लिया बेरोजगार युवाओं का साक्षत्कार व दी नौकरी क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश के बाहर की आईएसआईबी, वर्लपूल, इंडिया सोलर, टाटा इनर्जी, मारुति, मदरसन, टाटा इलेक्ट्रॉनिक, लैंस कार्ड, टीवीएस मोटर्स समेत 22 कंपनियां शामिल हुईं। वही अलग–अलग पदों के हिसाब से बेरोजगार युवाओं को सूचीबद्ध किया गया और साक्षात्कार लिया गया। जिसमें 2200 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और 1344 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ। वही चयनित अभ्यर्थियों को यहां पर मौजूद विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों, कॉलेज के निदेशक और सेवायोजन कार्यालय के अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि सभी लोग अपने दायित्वों का अब सही से निर्वहन करें। युवाओं को मिले रोजगार इसको लेकर समय समय रोजगार मेलों का कराया जाता है आयोजन रोजगार मेले के संबंध में जानकारी देते हुए सहायक निदेशक सेवायोजन वकील अहमद अंसारी नहीं बताया कि विभाग द्वारा समय–समय पर सेवायोजन कार्यालय व क्षेत्र के अलग–अलग इलाकों में स्कूलों और कॉलेजों में इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन करवाते हैं। और यह प्रयास रहता है कि जिन अभ्यर्थियों ने हमारी तवरहंतेंदहंउ.हवअ.पद वेबसाइड पर पंजीकरण करा रखा है। उनको बुलाकर उनका साक्षात्कार करवाकर उन्हें नौकरी दिलाई जाए। इन्होंने बताया कि एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले में लगभग 2200 बेरोजगार अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसके सापेक्ष कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार के पश्चात 1344 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

# विद्युत अधिनियम पर सवाल? बंथरी में वसूली को लेकर बवाल

## -बिना अधिकृत रसीद और पहचान पत्र के वसूली के आरोप, जांच पर टिकी निगाहें

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा । थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम बंथरी (मजरा यमरेही नाथ) में बिजली बिल की बकाया वसूली को लेकर विवाद गहरा गया है। विभागीय निविदाध्संविदा कर्मियों और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। मामला अब वैधानिक प्रक्रिया बनाम कथित अनियमितता की बहस में बदल गया है। "पक्की रसीद कहां है?". ग्रामीणों का आरोप ग्रामीण दयाराम रैकवार सहित कई लोगों का आरोप है कि वसूली के दौरान अधि.त पहचान पत्र प्रदर्शित नहीं किया गया और न ही कंप्यूटरी.तधविभागीय रसीद दी गई। ध्2729 की धनराशि लेने के बाद हस्तलिखित पर्ची दिए जाने तथा कनेक्शन पुनः जोड़ने के नाम पर ध्600 अतिरिक्त मांगने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का सवाल सीधा है.यदि कार्रवाई नियमसम्मत थी तो विभागीय रसीद और पहचान पत्र दिखाने में संकोच क्यों? कानून की कसौटी विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 56 के अनुसार बकाया पर आपूर्ति विच्छेदन से पूर्व उपभोक्ता को स्पष्ट सूचना देना आवश्यक है। साथ ही अधि.त कर्मचारी द्वारा ही कार्रवाई और वसूली पर विधिवत रसीद जारी करना प्रशासनिक प्रक्रिया का अनिवार्य हिस्सा माना जाता है। यदि इन प्रावधानों का पालन नहीं हुआ, तो यह गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आ सकता है। विभाग का पक्ष कर्मियों का कहना है कि 11 फरवरी 2026 को नियमित बकाया वसूली एवं कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जा रही थी। उनके अनुसार कुछ ग्रामीणों ने कार्य में बाधा डाली और ग्राम प्रधान द्वारा हस्तक्षेप किया गया। प्रधान पक्ष का पलटवार ग्राम प्रधान सोमनाथ का कहना है कि उन्होंने केवल पारदर्शी वसूली और पक्की रसीद की मांग की। उनका दावा है कि पूर्व में भी उन्होंने बिजली कर्मियों को सहयोग दिया, यहां तक कि कुछ ग्रामीणों की धनराशि डिजिटल माध्यम से ट्रांसफर करवाई। प्रधान का सवाल है."क्या गांव की समस्या पर दो शब्द बोलना मेरा अधिकार नहीं?" उठते सवाल क्या वसूली के समय अधि.त पहचान पत्र प्रदर्शित किया गया? क्या विभागीयध्कंप्यूटरी.त रसीद जारी की गई? क्या उपभोक्ताओं को पूर्व सूचना दी गई थी? अतिरिक्त धन की मांग किस आधार पर की गई? सूत्रों के अनुसार मामले की शिकायत थाना कमासिन में दिए जाने की चर्चा है। यदि जांच में अधिनियम के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधितों पर कार्रवाई संभव है। फिलहाल बंथरी गांव में माहौल संवेदनशील है और प्रशासनिक जांच की प्रतीक्षा है। सच सामने आने के बाद ही तय होगा.यह वैधानिक कार्रवाई थी या नियमों के नाम पर खेल। जब इस संबंध में ग्राम प्रधान व ग्रामीणो से बातचीत की गई ग्रामीणों ने यह बताया कि ऐसी मारपीट की कोई घटना नहीं हुई इसी संबंध में प्रधान संघ द्वारा एक प्रेसवार्ता भी रखी गई जिसमें प्रधान संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा निपक्ष जांच हो फर्जी तरीके से मुकदमा नहीं लगाया जाए नहीं हमारे प्रधान संघ पूरी तरह से लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

# एसकेएस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल सबलापुर की ओर से गदामार कला में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, सबलापुर बहराइच द्वारा ग्राम पंचायत भवन गदामार कला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, जांच एवं दवाओं का लाभ उठाया। चेयरमैन डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से यह शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना संस्था का मुख्य उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 119 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निश्शुल्क दवाएं दी गई। इस दौरान डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव (डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट),डॉ. संदीप वर्मा,डॉ. इरफान कुरैशी,डॉ. निधि पोरवाल,फार्मासिस्ट राबिया खातून,गुरु प्रसाद,लैब असिस्टेंट अंकित शुक्ला,महेंद्र शुक्ला, अरुण यादव एवं अन्य सहयोगी चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों की जांच कर आयुर्वेदिक उपचार एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। यह शिविर क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं सराहनीय पहल सिद्ध हुआ। इस मौके पर पूर्व प्रधान राम लखन, कृष्णा यादव,जुमना यादव समेत अन्य मौजूद रहें।





# एसआईआर की समीक्षा हेतु एसडीएम नानपारा ने की बैठक

## -प्रशिक्षित किये गये एईआरओ व एएईआरओ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच 18 फरवरी। तहसील सभागार नानपारा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं आयोग द्वारा 12 नवनियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को नोटिस जारी करने, जारी की गई नोटिसों को बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड करने तथा प्राप्त होने वाले फार्मों की जांच कर पोर्टल पर प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोनालिसा जौहरी द्वारा तहसील सभागार में मौजूद अधिकारियों को पॉवर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन तथा वीडियो क्लिप के माध्यम से एस. आईआर. की विभिन्न प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ साथ मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत करने वाले अभिलेखों के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण सत्र के उपरान्त श्रीमती जौहरी ने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वार अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि आयोग की मंशानुरूप विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम त्रुटि रहित तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।



# मिहींपुरवा बहराइच भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (SSB) और स्थानीय पुलिस की संयुक्तकार्रवाई में 41 ग्राम स्मैक के साथ भारतीय तस्कर गिरतार !

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मिहींपुरवा भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ करने और मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी निगरानी रखने के उद्देश्य से कमांडेंट श्री कैलाश चंद रमोला, 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ( SSB ) के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में सीमा चौकी लौकाही के प्रभारी निरीक्षक सामान्य सुभाष चंदर, उनके टीम और स्थानीय पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में भारत–नेपाल सीमा के बॉर्डर पिलर संख्या 667 के पास 41 ग्राम स्मैक के साथ एक भारतीय तस्कर को गिरतार किया गया । गिरतार तस्कर की पहचान भारतीय निवासी 40 वर्षीय इजाद पिता निशार अहमद, गाँव–मोतीपुर, पोलिस स्टेशन – मोतीपुर जिल्ला–बहराइच ,उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है, जो भारत से नेपाल में तस्करी करने का प्रयास कर रहा था द्य उक्त अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धारा के तहत कार्रवाई की गई और जब्त मादक पदार्थ को थाना मोतीपुर, जिला बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया। सशस्त्र सीमा बल ( SSB ) और स्थानीय पुलिस की यह संयुक्त कार्रवाई यह दर्शाती है कि सुरक्षा एजेंसियां सीमा सुरक्षा को लेकर कितनी गंभीरता से काम कर रही हैं। यह अभियान यह भी साबित करता है कि भारत–नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सतर्कता बढ़ाई जा रही है । सशस्त्र सीमा बल (ठ) और स्थानीय पुलिस जनता से उअपील करती है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को दें, ताकि ऐसे अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके और समाज को सुरक्षित रखा जा सके ।



# बाबागंज में सरकारी भूमि पर कब्जे का मामला: पैमाइश शुरू, प्रशासन की पूर्व लापरवाही पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो /बाबागंज बहराइच। बहराइच जनपद की नानपारा तहसील क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बाबागंज के मौजा सोरहिया स्थित गाटा संख्या 760 (रास्ता) व 761 (बंजर भूमि) पर अवैध कब्जे के आरोपों के बाद राजस्व विभाग ने पैमाइश शुरू कर दी है।ग्रामीणों का आरोप है कि हाईवे से सटी करोड़ों रुपये मूल्य की सरकारी भूमि पर लंबे समय से दुकानें व मकान बनाकर कब्जा किया गया, स्थानीय लोगों ने कई बार दर्जनों शिकायत पत्र दिये, लेकिन राजस्व व स्थानीय प्रशासन ने समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। लोगों का कहना है कि यदि प्रारंभिक स्तर पर शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता, तो सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध नहीं होता और सरकारी भूमि पर निर्माण नहीं हो पाता। मामले की बढ़ती गंभीरता और जनदबाव के बाद प्रशासन ने पांच लेखपाल व दो कानूनगो की संयुक्त टीम गठित कर अभिलेखों के आधार पर नाप–जोख शुरू कराई है। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होती है तो नियमानुसार हटाने की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच के साथ–साथ यह भी मांग की है कि पूर्व में शिकायतों की अनदेखी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच हो और जवाबदेही तय की जाए। फिलहाल क्षेत्र में हलचल है और जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# सुबह से शाम तक लगा रहता है बजाजा मार्केट में जाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

रुपईडीहा बहराइच। वैसे तो रुपईडीहा के जन मार्गों मे जाम की भयावह स्थिति बनी रहती है। परंतु बजाजा मार्केट तो बुरी तरह अतिक्रमित है। यहां के दुकानदारों ने नालियों का अस्तित्व ही खत्म कर दिया है। आधी आधी रोड पर दुकानदारों ने दोनो ओर सामान रख कर रोड ही जाम कर दे रहे हैं। जिससे आम आदमी का चलना ही दुश्वार हो गया है। यही हाल रामलीला चौक का है। यहां भी दुकानदारों ने रोड पर सामान रख दिया है। जिससे आवागमन ही सुबह से शाम तक बाधित हो जाया करता है। इस जन समस्या से नगर पंचायत, पुलिस व तहसील प्रशासन बेपरवाह है। इसके अतिरिक्त स्टेशन रोड, आजाद रोड, एनएच 927 व चकियारोड पर बेतरतीब ठेलों के कारण रोज जाम लगा रहता है। लोगों ने अतिक्रमण से निजात दिलाने की मांग की है।

# नानपारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पाक्सो आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच थाना कोतवाली नानपारा पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरतार कर बड़ी सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच के निर्देश पर की गई। पुलिस के अनुसार मु.अ.सं. 47/2026 अंतर्गत गंभीर धाराओं में वांछित अभियुक्त रामदास पुत्र खूब लाल (21 वर्ष) निवासी पुजारी पुरवा टांडा जूड़ा को 18 फरवरी 2026 को बेचईपुरवा मोड़ से गिरतार किया गया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह कोतवाली नानपारा के नेतृत्व में की गई। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में कानून–व्यवस्था को मजबूती मिली है और अपराधियों को कड़ा संदेश गया।

# 2027 का विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ेगी बसपा: रामसेवक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के जिलाध्यक्ष रामसेवक प्रजापति ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि वर्ष 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव पार्टी अपने दम पर लड़ेगी और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी सुप्रीमो मायावती ने किसी भी दल के साथ गठबंधन की संभावनाओं को सिरे से खारिज कर दिया है और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बसपा का लक्ष्य प्रदेश में बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना है। इसके लिए सभी जिलाध्यक्षों और पदाधिकारियों को बूथ लेवल कमेटियों का गठन तेजी से पूर्ण करने तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है और पार्टी कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। रामसेवक प्रजापति ने कहा कि बसपा सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है और प्रदेश की जनता एक बार फिर पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर विश्वास जताएगी। उन्होंने दावा किया कि कानून व्यवस्था, विकास और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर जनता बसपा के पक्ष में है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव–गांव और वार्ड–वार्ड तक पहुंचकर पार्टी की नीतियों का प्रचार–प्रसार करें तथा मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करें। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा मजबूत प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

# अवैध शराब पर नहीं लग रहा अंकुश

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर सीतापुर। थाना तंबौर क्षेत्र के ग्राम बेलवा गोहनिया में शराब के विरोध पर एक दंपति के साथ जमकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने गांव के ही चार लोगों पर अपने माता–पिता के साथ लाठी–डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित विपिन कुमार पुत्र कमलेश पासी, निवासी बेलवा गोहनिया ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 10 फरवरी की शाम करीब 8 बजे गांव के संजय, कैलेंडर, विशाल और सचियों उसके घर के ठीक सामने सड़क पर बैठकर शराब पी रहे थे। जब उसके पिता कमलेश पासी और मां सुमन ने इसका विरोध किया और उन्हें वहां से जाने को कहा, तो आरोपियों ने पहले गाली–गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने मिलकर लाठी–डंडों से उन पर हमला कर दिया। मारपीट इतनी तेज थी कि दंपति को गंभीर चोटें आईं। विपिन कुमार ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर मिलने के बाद थाना तंबौर ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक शीतला प्रसाद यादव को सौंपी गई है। थाना प्रभारी बृजेश कुमार राय ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में अवैध शराब के खिलाफ आक्रोश बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बेलवा गोहनिया में कच्ची शराब (देशी शराब) का अवैध उत्पादन और बिक्री लंबे समय से चल रही है। हल्का इंचार्ज और बीट के सिपाही इसे रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। कई बार विरोध करने पर स्थानीय लोग डर जाते हैं, इस घटना ने एक बार फिर इलाके में शराबबंदी और अवैध शराब के मुद्दे को गरमा दिया है। स्थानीय लोग पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# इटावा के पूर्व छात्र का एआई में अंतरराष्ट्रीय सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। डॉ. एनके शर्मा, पूर्व अधिष्ठाता, कृषि अभियंत्रण संकाय, चंद्रशेखर आजाद .षि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर ने बताया कि भारत में .त्रिम बुद्धिमत्ता (।ए) के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो चुकी है। इसी दिशा में आयोजित इंडिया एआई समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के एटा जनपद के ग्राम कुरीना दौलतपुर निवासी कमांडर विवेक ने वर्ष 2010 में इटावा के इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग) की डिग्री प्राप्त करने के बाद भारतीय नौसेना में सेवा देकर अपने करियर की शुरुआत की। उनकी प्रतिभा और कार्यक्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली, जब उन्हें यूनाइटेड किंगडम सरकार द्वारा प्रतिष्ठित साइबर सुरक्षा फेलोशिप के लिए चयनित किया गया। वर्तमान में कमांडर विवेक रक्षा मंत्रालय भारत सरकार में डायरेक्टर (आईटी एवं साइबर सुरक्षा) के पद पर कार्यरत हैं। इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में उनकी प्रभावशाली भागीदारी के बाद उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी आमंत्रित किया जा रहा है। हाल ही में उन्हें ब्रिटिश हाई कमिशन द्वारा आयोजित एआई समिट में आमंत्रित किया गया, जो भारत की बढ़ती वैश्विक नेतृत्व क्षमता का प्रतीक माना जा रहा है। कमांडर विवेक की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय, महाविद्यालय के छात्रों एवं स्टाफ में हर्ष का माहौल है तथा इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया जा रहा है।

# जनपद न्यायाधीश ने पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

जनपद न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने कहां कि मैं जमदग्नि ऋषि की धरती पर आकर अपने आप को धन्य महसूस कर रहा हूँ। मैं भी अधिवक्ता रहा हूँ। इसलिए अधिवक्ताओं के हर दुख दर्द को समझता



हूं, साथ ही उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास भी करता हूं। पूर्व के कार्यकारिणी में जमानियां से एक भी शिकायत मुझे नहीं मिला। मुझे विश्वास है कि नई कार्यकारिणी भी पूर्व की भांति ही कार्य करेगी। आप सभी आपसी सामंजस्य बनाकर कार्य करें। बार व बेंच का मूल कर्तव्य वादकारी को न्याय दिलाना और उन्हें समुचित सलाह देना है। यहां भवन का अभाव है, इसके लिए उच्च न्यायलय को पत्र भी भेजा था जहां से भवन के लिए पांच एकड़ भूमि की मांग की गई है। अगर भूमि मिल जाये तो भवन निर्माण शुरू करा दूंगा। जब भवन बन जाएगा तो यहां के लिए मुंसफ न्यायालय की मांग की जाएगी। भवन रहेगा तो रिकार्ड रूम भी बन जायेगा जिससे अधिवक्ताओं को परेशानी नहीं होंगी। इस मौके पर ग्राम न्यायालय न्यायाधीश अमित यादव, मुख्य दंडाधिकारी नूतन त्रिवेदी, एमएस सिटी संजय हरि शुक्ला,बओमप्रकाश सिंह सेवानिवृत जिला जज, एसडीएम ज्योति चौरसिया, सीओ अनिल कुमार, निर्वाचित अध्यक्ष जयप्रकाश राम व सचिव मुनेश कुशवाहा, पंकज तिवारी, मेराज हसन, घनश्याम कुशवाहा, दिग्विजय नाथ तिवारी, अनिल सिंह सहित धनंजय मौर्य, रजनीकांत यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### इन्होंने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ–

स्थानीय बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष जय प्रकाश, महासचिव मुनेश कुशवाहा , वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज किशोर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम मिथिलेश व द्वितीय राजेश गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम मिथिलेश व द्वितीय राजेश गुप्ता, सह सचिव पद राजेश गुप्ता, सह सचिव सूचना दिग्विजय नाथ तिवारी, सह सचिव पुस्तकालय शमशाद राईनी तथा वरिष्ठ कार्यकारिणी सहित कनिष्ठ कार्यकारिणी के सदस्यों ने शपथ लिया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**सं. सीएम-1/एटीवीएम/फैसीलिटेटर/पार्ट-15/दिव्यांगजन/प्रयागराज/2026 दिनांक 17.02.2026**

**एटीवीएम फैसीलिटेटर के पद के लिए केवल (गतिशील अक्षमता वाले दिव्यांगजन) सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों और सामान्य जनता से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

**यह आवेदन नौकरी हेतु नहीं है।**

**यह नियुक्ति पूरी तरह से संविदात्मक है और इसमें कोई सुविधाएं जैसे रेलवे सेवा में अवशोषण, सेवा का नियमितीकरण, बोनस, रेलवे पास सुविधाएँ आदि नहीं हैं।**

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उ0म0रे0, प्रयागराज,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित स्टेशनों (स्टेशनों की सूची अनुलग्नक-बी के रूप में संलग्न है) पर ए0टी0वी0एम0 (आटोमेटिक टिकट वेण्डिंग मशीन) के लिए फैसीलिटेटर के रूप में लगाये जाने हेतु इच्छुक (केवल दिव्यांगजन गतिशील अक्षमता वाले) सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों और सामान्य जनता से बन्द लिफाफे में आवेदन आमंत्रित करते हैं:-

**स्टेशन का नाम**

**एन.एस.जी.2:** प्रयागराज, प्रयागराज-छिवकी, कानपुर सेंट्रल, **एन.एस.जी.3:** मिर्जापुर, सूबेदारगंज, फतेहपुर, इटावा, टूंडला, अलीगढ़, **एन.एस.जी.4:** मानिकपुर, कानपुर, अनवरगंज, फफूँद, फिरोजाबाद, खुर्जा, दादरी, **एन.एस.जी. 5:** चुनार, विंध्याचल, नैनी, भरवारी, सिराथू, गोविंदपुरी, रूरा, झींझक, भरथना, शिकोहाबाद, हाथरस, जलेसर रोड, दनकौर, **एन.एस.जी. 6:** सोमना।

**कार्य की अवधि:** अनुबंध 06 माह के लिए मान्य है

| **बयाना राशि:** शून्य | **आवेदन का मूल्य:** रू. 100/- |
|---|---|

1. सभी सम्बन्धित नियमों एवं शर्तों के साथ आवेदन (अधिसूचना की तिथि से प्रारम्भ होकर) दिनांक **20.03.2026** को **11.00** बजे तक उपलब्ध है। आवेदन फार्म किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार तक) समय **09.00** बजे से **17.00** बजे तक मिर्जापुर, प्रयागराज, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, कानपुर, इटावा, टूण्डला, अलीगढ़ के बुकिंग कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन फार्म का मूल्य रू. 100/- (अप्रतिदेय) है, जिसे बुकिंग कार्यालय में जमा करना होगा और मूल एम0आर0 को आवेदन फार्म के साथ नत्थी करना होगा। **2.** आवेदन फार्म उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फार्म का मूल्य रू. 100/- है। आवेदक को आवेदन के साथ किसी अनुसूचित वाणिज्य बैंक द्वारा वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज, के पक्ष में जारी रू. 100/- का बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 डाउनलोड आवेदन फार्म के मूल्य के रूप में संलग्न करना होगा। **3.** विधिवत पूर्णतः भरे हुए तथा सभी औपचारिकताओं के साथ पूर्ण आवेदन फार्म बन्द लिफाफे में सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाणिज्य शाखा, द्वितीय तल, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज के कार्यालय में तथा स्टेशन निदेशक/उप मुख्य यातायात प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, स्टेशन भवन, कानपुर सेन्ट्रल के कार्यालय में दिनांक **20.03.2026** को **13.00** बजे तक प्राप्त किए जायेंगे और उन्हें उसी दिन **15.00** बजे खोला जाएगा। यदि किसी कारण से उक्त तिथि को अवकाश घोषित कर दिया जाता है, तो अगले कार्य दिवस में उसी स्थान और समय पर आवेदन खोले जायेंगे। **4.** विलम्ब से प्राप्त आवेदन न तो स्वीकार किए जायेंगे और न उन पर विचार किया जायेगा। तथा अधूरे/गलत भरे हुये फार्म अस्वीकार/निरस्त कर दिये जायेंगे। **5.** रेल प्रशासन किसी भी आवेदन को किन्हीं भी परिस्थितियों में स्वीकार/अस्वीकार /निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। **369/26 FA**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# लालपुरा जैन मंदिर पच्चीस मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का भक्तिमय हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, लालपुरा में इन दिनों धर्ममय और आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त है। तपस्वी सम्राट आचार्य श्री 108 सन्मति सागर महाराज जी के अंतिम शिष्य आचार्य श्री 108 सुबल सागर महाराज जी ससंघ विराजमान हैं। उनके पावन सान्निध्य में पच्चीस मंडलीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ, जिससे समूचा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो उठा।विधान का शुभारंभ विधानाचार्य आशीष जैन शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं मंगलाचरण के साथ किया गया। प्रातःकाल श्रीजी का अभिषेक संपन्न हुआ तथा केसर मिश्रित जल से आचार्य श्री के मुखारविंद से शांति बोली गई। शांति धारा करने का सौभाग्य प्रथम पूरन जैन द्वितीय श्रीमती मंजूलता जैन पीयूष जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इसके उपरांत संगीतमय वातावरण में विधान प्रारंभ हुआ और "जय जिनेंद्र" के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। इंद्रों द्वारा प्रस्तुत भक्ति नृत्य ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।सायंकाल घर से आरती लाने का राजेंद्र जैन रवि जैन परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धालुओं द्वारा आरती घर से लाकर भक्ति एवं उत्साह के साथ मंदिर में प्रस्तुत की गई। गाजे–बाजे और भक्ति नृत्य के साथ आरती मंदिर लाई गई, तत्पश्चात श्रीजी एवं आचार्य श्री की भव्य आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य एवं भाजपा जिला मंत्री डॉ. ज्योति वर्मा ने आचार्य श्री से विशेष आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार ,शैलेष



जैन,चक्रेश जैन महावीर प्रसाद जैन, विवेक जैन,सोनू जैन, सुनील जैन, पीयूष जैन श्रीमती पूजा जैन ने तिलक, पगड़ी एवं रुपटा उढ़ाकर अतिथियों का सम्मान किया।भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु भक्ति नृत्य में झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर धर्म एवं आस्था के रंग में रंग गया। कार्यक्रम में रोहित जैन, भोलू जैन, वैभव जैन, गौरव जैन, सौरभ जैन सहित श्री दिगंबर जैन साधु सेवा समिति के सभी पदाधिकारी एवं सकल दिगंबर जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# बिजली चोरी पर विभाग की बड़ी कार्रवाई

## -12 उपभोक्ताओं पर एफआईआर दर्ज।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल



इटावा द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाकर 12 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। अधीक्षण अभियंता. श्रेष्ठम देव एवं अधिशासी अभियंता के निर्देश में उपखंड अधिकारी द्वितीय श्री अरविंद कुमार निगम, अवर अभियंता विनोद यादव एवं शिवम कुमार शर्मा ने विजिलेंस टीम के साथ 33ध्11 केवी उपकेंद्र गुरु तेग बहादुर एवं रामलीला से पोषित क्षेत्रों में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। इस दौरान मोहल्ला सावित्री नगर एवं गाड़ीपुरा में चेकिंग के दौरान 9 उपभोक्ताओं को अतिरिक्त केबिल, मीटर बाईपास एवं बिना कनेक्शन के बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। इसी क्रम में उपखंड अधिकारी प्रथम नवनीत कुमार एवं अवर अभियंता रतनभूषण द्वारा उपकेंद्र से पोषित क्षेत्र पसारी टोला में चेकिंग अभियान चलाया गया, जहां 3 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। अभियान के दौरान पकड़े गए सभी मामलों की मौके पर वीडियोग्राफी कराई गई तथा संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

# मिशन शक्तिटीम ने महिलाओं को किया जागरूक

## -हेल्पलाइन नंबर और योजनाओं की दी जानकारी।

## -छात्राओं को पढ़ाई पर ध्यान देने की सलाह।

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज–5.0 के अंतर्गत बुधवार को थाना चकरनगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 102 और 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध



हेल्पलाइन 1930, गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 तथा उपभोक्ता हेल्पलाइन 1915 शामिल हैं। टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का उपयोग कर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही महिलाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, आयुष्मान भारत योजना तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के बारे में जानकारी दी गई और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, जागरूक और सतर्क रहने तथा सीखी गई जानकारी को अपने परिवार और आसपास के लोगों से साझा करने के लिए प्रेरित किया। टीम ने संदेश दिया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है। इस जागरूकता अभियान को लेकर महिलाओं और बालिकाओं में उत्साह देखने को मिला।

# निःशुल्क शादी सम्मेलन 5 अप्रैल को होगा

## -गरीब बेटियों के लिए 20 फरवरी तक जमा होंगे फॉर्म

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर–इटावा। ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु निःशुल्क शादी सम्मेलन आयोजित किए जाने को लेकर जैनपुर नागर स्थित पीके भट्टा पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने की। जिला अध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने बताया कि यह संगठन का पांचवां निःशुल्क शादी सम्मेलन होगा। उन्होंने कहा कि जिन गरीब परिवारों की बेटियों का रिश्ता तय हो चुका है लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण विवाह करने में असमर्थ हैं, वे लोग 20 फरवरी तक अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। चयनित बेटियों का विवाह 5 अप्रैल, रविवार को नारायण धाम इटावा में संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजरत सैय्यद मोहम्मद अशरफ अशरफी अल जीलानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख बोर्ड एवं चेयरमैन वर्ल्ड सूफी फोरम कछौछा शरीफ उपस्थित रहेंगे। इस दौरान संगठन के खजांची रजी साहब ने बताया कि तंजीम शादी सम्मेलन के साथ–साथ



निःशुल्क नेत्र शिविर भी आयोजित करती है तथा लावारिस शवों का उनके धर्म के अनुसार अंतिम संस्कार कराकर इंसानियत की मिसाल पेश करती है। बैठक में समाजसेवी रमेश यादव ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए इसे हिन्दू–मुस्लिम एकता की मिसाल बताया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मोहम्मद आमीन, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद कैफ उर्फ अनस, असलम खान, अब्दुल हमीद, जावेद मास्टर, इमरान खान, शेख अयान शकील सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# डिप्टी सीएम ने किया श्रीराम गोल्ड फाइनेंस की लखीमपुर शाखा का भव्य शुभारंभय

## -जिले में खुलेंगे समृद्धि के नए द्वार।

न्यूज वाणी ब्यूरो /लखीमपुर खीरी । लखीमपुर जिले के निवासियों के लिए



आज 18 फरवरी का दिन वित्तीय सशक्तिकरण की .ष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रहा। उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री ने लखनऊ के गोमती नगर विस्तार स्थित आंचलिक कार्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान, डिजिटल माध्यम से लखीमपुर में श्रीराम गोल्ड फाइनेंस की नई शाखा का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जी ने लखीमपुर सहित प्रदेश की कुल 25 श्रीराम गोल्ड फाइनेंस शाखाओं को जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि लखीमपुर जैसे .षि प्रधान और विकासशील जिले में श्रीराम फाइनेंस की उपस्थिति से स्थानीय किसानों, छोटे व्यापारियों और आम जनमानस को स्वर्ण ऋण (ळवसक स्वंद) जैसी सुविधाएं अब और भी सुलभ और पारदर्शी तरीके से मिल सकेंगी। शीर्ष नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थितिरू लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान श्रीराम फाइनेंस के मुख्य परिचालक अधिकारी (ब्व्) श्री सुदर्शन बी० होला जी, व्यवसाय प्रमुख श्री जितेंद्र मणि तिवारी जी, कार्यकारी निदेशक श्री एम०आई० अब्बासी जी, और कानूनी प्रमुख श्री श्रीजीत जी ने लखीमपुर शाखा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नई शाखा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। रोजगार और आर्थिक प्रगति को मिलेगा बढ़ावारू लखीमपुर शाखा के उद्घाटन से न केवल जिले में निवेश बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। कार्यक्रम में विभाग प्रमुखगण श्री आशीष श्रीवास्तव जी, सिद्धार्थ यादव जी, श्री अभिषेक श्रीवास्तव जी, श्री निखिल श्रीवास्तव जी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिन्होंने लखीमपुर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय निवासियों और व्यापारिक संगठनों ने इस नई शाखा के खुलने का स्वागत किया है। अब जिले के लोगों को अपनी वित्तीय जरूरतों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और वे श्रीराम गोल्ड फाइनेंस की त्वरित सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

# साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिवस कई स्थानों पर धूमधाम से मनाया गया

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी का जन्मदिवस संगठन द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं तहसीलों में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों व सदस्यों ने केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इसी क्रम में जनपद फतेहपुर में भी अलग–अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। कस्बा प्रेमनगर में उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिवस मनाया तथा संगठन की मजबूती एवं पत्रकार हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। सातमील क्षेत्र में जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह एवं जिला सचिव धीर सिंह यादव के नेतृत्व में समारोह आयोजित किया गया। वहीं फतेहपुर शहर में राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जरेयाब खान की अगुवाई में जन्मदिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। हुसैनगंज कस्बे में उत्तराखण्ड राज्य सह–प्रभारी पारुल सिंह के नेतृत्व में आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त बिन्दकी में तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह तथा खागा में अभिमन्यु मौर्या के नेतृत्व में भी जन्मदिवस समारोह आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प दोहराया। लीगल सेल के चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रेमनगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी के साथ अनिल कुमार विश्वकर्मा, डॉ. जे.पी. सिंह चौहान, मेराज अहमद, प्रदीप कुमार, महेश चौधरी, संदीप निर्मल, अजय कुमार सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता कर राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष शाश्वत तिवारी ने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से जुड़कर सभी का आभार व्यक्त किया एवं संगठन के प्रति अपने संकल्प को दोहराया।

# फायरिंग के 6 दोषियों को 8-8 साल की सजा

## -आर्म्स एक्ट के आरोपी को भी कोर्ट ने किया दंडित।

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा, 18 फरवरी। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इटावा पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते अलग–अलग मामलों में न्यायालय ने 7 अभियुक्तों को सजा सुनाई है। थाना सैफई क्षेत्र के फायरिंग मामले में 6 अभियुक्तों को 8–8 वर्ष के कारावास व अर्थदंड से दंडित किया गया, वहीं थाना कोतवाली के आर्म्स एक्ट के एक मामले में अभियुक्त को जेल में बिताई अवधि की सजा व जुर्माने से दंडित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सैफई पुलिस और मॉनिटरिंग सेल द्वारा वर्ष 2018 के फायरिंग मामले में प्रभावी पैरवी की गई। यह मामला थाना सैफई क्षेत्र का है, जहां अभियुक्तों ने वादी और उसके भाई को घेरकर गाली–गलौज की और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिससे वादी के भाई के पेट में गोली लग गई थी। इस संबंध में थाना सैफई पर मुकदमा संख्या 165ध2018 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506 व 307 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। पुलिस टीम, पैरोकार कांस्टेबल हरिओम, मॉनिटरिंग सेल और एडीजीसी शिव कुमार शुक्ला द्वारा प्रभावी पैरवी के चलते जिला एवं सत्र न्यायाधीश इटावा की अदालत ने अभियुक्त शिवराम उर्फ गुड्डू, मुकेश, सनी, जगदीश सिंह, महेश चन्द्र और बब्लू निवासी नगला श्री, थाना सैफई को दोषी करार देते हुए प्रत्येक को 8–8 वर्ष के कारावास और 18–18 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इसी क्रम में थाना कोतवाली पर पंजी.त मुकदमा संख्या 136ध2023 धारा 3ध25 आर्म्स एक्ट में प्रभावी पैरवी के चलते एसीजेएम इटावा की अदालत ने अभियुक्त पारस तिवारी पुत्र हरिओम तिवारी निवासी बजरिया छैराहा, थाना कोतवाली, जनपद इटावा को जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।


**न्यूज़ वाणी**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
**जाफ़री चश्मे वाले**
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/– में
कान्टेक्ट लैंस मात्र 350/– में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# शिविर में 38 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिंदकी में कैम्पस प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। शिविर में जनपद स्तर की प्राइम कनेक्ट सर्विसेज फतेहपुर ने 12, टाटा मोटर्स ने पांच, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 21 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस प्रकार कुल 38 योग्य अभ्यर्थियों के लिये चयन सम्बन्धी कार्यवाही की गयी। जिसमें कम्पनियों द्वारा 9000 से 15500 तक प्रतिमाह वेतन पर चयन सम्बन्धी कार्यवाही की गयी। कार्यक्रम का आयोजन अधोहस्ताक्षरी के दिशा–निर्देशन में शशॉक पान्डेय प्रभारी प्लेसमेन्ट शिविर एवं संस्थान के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार राजपूत द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवायोजन कार्यालय के संदीप एवं संस्थान से अमित मिश्रा, सतीश कुमार अवस्थी, राजकुमार, एकता, राजकुमारी ने सहयोग प्रदान किया।

# मनरेगा घोटाला : विजयीपुर में 35 लाख का गबन

## – लोकपाल ने दी मुकदमा दर्ज करने की संस्तुति

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास खण्ड विजयीपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत विजयीपुर (एकौरा) में मनरेगा योजना के नाम पर करोड़ों रुपये के बंदरबांट का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। लोकपाल मनरेगा द्वारा की गई गहन जाँच में प्रथम .ष्टया लगभग 35 लाख रुपये के गबन की पुष्टि हुई है। लोकपाल ने अपनी रिपोर्ट में दोषी ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने और गबन की गई धनराशि की वसूली करने की कड़ी संस्तुति की है। शिकायतकर्ता प्रियेन्द्र प्रताप सिंह की शिकायत पर लोकपाल राजबहादुर यादव ने तकनीकी टीम के साथ मौके पर जांच की। जांच में यह तथ्य सामने आया कि ग्राम पंचायत स्तर पर बिना कार्य कराए ही कूटरचित और फर्जी दस्तावेज तैयार कर सरकारी धन निकाल लिया गया। मस्टर रोल पर सक्षम अधिकारियों के हस्ताक्षर न होने के बावजूद कंप्यूटर ऑपरेटरों की मिलीभगत से डेटा फीडिंग कराई गई और भुगतान प्राप्त कर लिया गया। लोकपाल ने अपनी आख्या में इसे स्पष्ट रूप से सरकारी धन का अपहरण करार दिया है। जांच रिपोर्ट के बाद भी कार्रवाई न होने का फायदा उठाते हुए ग्राम प्रधान पर साक्ष्य मिटाने के गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता ने साक्ष्यों के साथ अवगत कराया है कि अबरार के खेत से बबलू के खेत तक कराए गए जिस कार्य की जाँच लोकपाल ने की थी, वहां अब जेसीबी मशीन की सहायता से मिट्टी निकलवाकर उसे नया कार्य दिखाने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में जीपीएस युक्त फोटो भी उच्चाधिकारियों को साक्ष्य के रूप में भेजे गए हैं। लोकपाल की जाँच आख्या में विकास खण्ड स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक के कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, बिना विभाग की अनुमति के कार्य कराए गए और अपात्र व्यक्तियों को व्यक्तिगत लाभ पहुँचाकर सरकारी खजाने को चूना लगाया गया। लोकपाल ने दोषी ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारियों और विकास खण्ड के उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध मनरेगा अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत दण्डात्मक और विधिक कार्यवाही की प्रबल सिफारिश की है। इस पूरे प्रकरण की जाँच रिपोर्ट 10 फरवरी को ईमेल और डाक के माध्यम से अपर आयुक्त (ग्राम्य विकास) लखनऊ, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को भेजी जा चुकी है। शिकायतकर्ता प्रियेन्द्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया है कि यदि लोकपाल की संस्तुति के आधार पर दोषियों के विरुद्ध तत्काल प्रशासनिक और दण्डात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे न्याय के लिए माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेने को बाध्य होंगे।

# आदर्श अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याषी घोशित

## - अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएषन के चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बुधवार को आदर्ष अधिवक्ता संगठन की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें चयन समितियों द्वारा संयुक्त रूप से अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रत्याषियों की घोशणा की गई। साथी अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर दोनों प्रत्याषियों का स्वागत किया। सिविल बार एसोसिएषन के सभागार में आदर्ष अधिवक्ता संगठन की बैठक आयोजित हुई। जिसमें चयन समितियों ने संयुक्त रूप से अध्यक्ष पद के प्रत्याषी के रूप में विजय सिंह गौर व महामंत्री पद के प्रत्याषी के रूप में अनुराग नारायण मिश्रा उर्फ पुत्तन मिश्रा के नामों की घोशणा की गई। उपस्थित अधिवक्ताओं ने दोनों प्रत्याषियों का माला पहनाकर स्वागत किया तत्पष्चात दोनों प्रत्याषियों की जीत सुनिष्चित करने की रणनीति भी बनाई गई। इस मौके पर अधिवक्ताओं में प्रमोद उपाध्याय, हरदीप सिंह, हंसराज सिंह, राजा रंजीत सिंह पटेल, षिवकरण सोनी, राजेष मौर्य, करीम खां, प्रेमषंकर त्रिवेदी, गिरीष द्विवेदी, सुषील मिश्र, मणि प्रकाष दुबे, अनिल तिवारी उर्फ अन्नू, रामषरण सिंह, हितेन्द्र बहादुर सिंह, सुनील बाजपेयी, देववृत्त अग्निहोत्री, महेष द्विवेदी, महेषकांत त्रिपाठी, षिवप्रकाष मिश्रा उर्फ पुत्तू, बुद्ध प्रकाष सिंह, अभय सिंह, चन्द्रिका सिंह, राजेन्द्र भान सिंह, रामषरन सिंह, पियूश नाथ सिंह, महेन्द्र परिहार, महेन्द्र सिंह गौर, नीरज मिश्र, मो0 असलम षेर खां, संदीप पाण्डेय, ईष्वर कृश्ण श्रीवास्तव, अवधेष तिवारी, षाष्वत गर्ग, नितिन त्रिपाठी, संदीप त्रिपाठी, संदीप यादव, रन्नो देवी, हर्शिता तिवारी, नेहा वर्मा भी मौजूद रहीं।



# संभव अभियान में जिले को हासिल हुआ 10 वां स्थान

## – सामान्य श्रेणी में लाए गए सैम से ग्रसित बच्चे

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संभव अभियान–5.0 जुलाई से सितम्बर, 2025 के मध्य आयोजित किया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा वर्ष 2021 से नवाचार के रूप में आयोजित सम्भव अभियान के अन्तर्गत सीवियर एक्यूट मालन्यूट्रीशन (सैम) से ग्रसित बच्चों के चिन्हांकन, उपचार, सन्दर्भन एवं सामुदायिक स्तर पर उनके प्रबंधन के साथ–साथ कुपोषण की रोकथाम हेतु सामुदायिक व्यवहार में परिवर्तन लाने का प्रयास किया गया। विगत चार वर्षों में सम्भव अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ और उसके सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हुए है। वर्ष 2025 में संभव अभियान का पंचम चरण (संभव 5.0) जुलाई से सितंबर 2025 के मध्य सफलतापूर्वक आयोजित किया गया और उसके सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हुए हैं। प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को 10 वां स्थान प्राप्त हुआ है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन पकड़ा गया मुन्ना भाई

## - दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा था छात्र

## - कड़ी निगरानी के बीच यूपी बोर्ड की परीक्षा शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की परीक्षा जनपद के तीनों तहसीलों के सभी 117 केंद्रों पर शुरू हुई। प्रथम पाली हाईस्कूल सुबह 8.30 से 11.45 में प्रारंभिक हिंदी व इंटरमीडियट में दोपहर दो बजे से 5.15 तक सामान्य हिंदी का प्रश्न पत्र की परीक्षा आयोजित की गई। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट मिलाकर जनपद में कुल 66439 परीक्षार्थी पंजी.त है। सुरक्षा एवं व्यवस्था की .ष्टि से परीक्षा केंद्रों को 03 जोन व 15 सेक्टरों में बांटा गया है। परीक्षा के पहले दिन छात्रों को केंद्रों को लेकर थोड़ा उहापोह रहा। छात्र छात्राएं अपने अपने परीक्षा केंद्रों को खुलने से पहले ही पहुंच गए। जहां आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच छात्र छात्राओं को तलाशी व प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र देखने के बाद केंद्रों मे प्रवेश दिया गया। केंद्रों में परिक्षार्थियों की सुविधाओं को देखते हुए नोटिस बोर्ड पर रोल नम्बर वाइज कक्षों की संख्या चस्पा की गई थी एवं कक्षों में सीटों में रोल नंबर अंकित कर सीटों को एलाट किया गया था। चाक चौबंद सीटिंग प्लान के बीच दोनों पालियों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षार्थियों की निगरानी के लिए केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। केंद्रों के अंदर विद्यालय के आंतरिक सुरक्षा घेरा में तलाशी के बाद छात्र छात्राओं को प्रवेश दिया गया। जबकि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों पर आंतरिक सचल दस्तों द्वारा नियमित निगरानी की गई। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों द्वारा भी भ्रमण किया जाता रहा। यूपी बोर्ड की परीक्षा में इस बार परीक्षा की शुचिता को देखते हुए कॉपियों पर यूनिक नम्बर अंकित किया गया है। साथ ही परीक्षार्थियों को उत्तर पुस्तिका के सभी पृष्ठों पर अनुक्रमांक अंकित करने का निर्देश भी दिया गया है। जनपद के केंद्रों में हाईस्कूल के 36701 एवं इंटरमीडिएट के 29738 परीक्षार्थी इस वर्ष परीक्षा में बैठ रहे है। परीक्षा केंद्रों में 13 राजकीय 52 सहायता प्राप्त एवं 52 वित्तविहीन विद्यालयों को केंद्र बनाया गया है। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये इस बार सरकार ने परीक्षा केंद्रों में केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के अलावा स्टेटिक मजिस्ट्रेट की व्यवस्था की थी। परीक्षा के दौरान एसडीएम, डीआईओएस एवं बीएसए द्वारा भी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। बोर्ड परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिये यूपी बोर्ड द्वारा सीसीटीवी एव ऑडियो रिकार्डिंग कैमरों से लैस विद्यालयों को ही केंद्र बनाया गया है जबकि परीक्षा के दौरान केंद्रों के बाहर एक दरोगा, दो हेड कांस्टेबल, महिला कंस्टेबल एव होमगाड्र्स तैनात किए गये है। बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिये शिक्षा विभाग द्वारा अलग से निगरानी व्यवस्था की गई है। बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में लगे शिक्षकों को भी कक्ष में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं दी गयी थी।



### इनसेट-

### मुन्ना भाई पुलिस हिरासत में

यूपी बोर्ड की परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिये मुस्तैद शिक्षा विभाग को बड़ी कामयाबी मिली। पहले ही दिन राधानगर स्थित रामा अग्रहरि इंटर कालेज में इंटरमीडियट की परीक्षा देते हुए मुन्ना भाई गिरतार किया गया है। आरोपी छात्र दूसरे परीक्षार्थी की जगह हिंदी विषय की परीक्षा दे रहा था। उड़न दस्ते के द्वारा प्रवेश पत्र में फोटो मिलान के समय आरोपी की फोटो मैच नहीं हुई जिससे छात्र से पूछताछ शुरू की गयी और फर्जी छात्र के परीक्षा देने खुलासा हुआ। दोपहर दो बजे से शुरू हुई परीक्षा में फर्जी छात्र चेकिंग दस्ते को चकमा देकर परीक्षा कक्ष तक पहुंचने में सफल हुआ था। लगभग दो घंटे के बाद उड़न दस्ते की चेकिंग में फोटो मिलान में पकड़ा गया। आरोपी को पकड़ कर कार्रवाई के लिये पुलिस को सौंप दिया गया।

# किसान दिवस में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की उठी मांग

## - किसानों की समस्याओं का किया जाए गुणवत्तापरक निस्तारण : एडीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विकास भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) अविनाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने बैठक का संचालन करते हुए गत बैठक में आयी शिकायतों के अनुपालन के सम्बन्ध में .षकों को अवगत कराते हुए शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुओं के टीकाकरण, टैगिंग, पशुपालन, .तिम गर्भाधान कराये जाने की .षकों विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। उद्यान निरीक्षक डा० सुनील कुमार ने उद्यान विभाग में संचालित विभागीय योजनाओं के अंतर्गत फसलों में अनुदान की जानकारी देने के साथ .षकों से केला एवं मिर्च की फसल का फसल बीमा को कराये जाने की अपील की। ज्येष्ठ .षि विपणन निरीक्षक विनोद ने .षकों को .षि उत्पादों के क्लस्टर बनाकर फसलों का अच्छा उत्पादन प्राप्त कर .षि उत्पादों का निर्यात किये जाने की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया। भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव जितेन्द्र त्रिपाठी एवं राम सिंह पटेल निवासी ग्राम गढवा थाना किशनपुर ने गढवा, विजयीपुर, धाता एवं हसवा ब्लाक के ग्राम पंचायत टीसी, छिछनी, मिचकी आदि ग्रामों में वनरोज एवं बन्दरों के आतंक से निजात दिलाये की मॉग की। एडीएम ने प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी एवं वन्य जीव प्रभाग को उपरोक्त प्रकरण की जांच कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। भारतीय किसान यूनियन के सकेश यादव ने हसवा ब्लाक की ग्राम पंचायत रहिगापुर मजरे मिचकी में घरेलू विद्युत कनेक्शनों को निजी विद्युत नलकूप की विद्युत लाइन से हटाये जाने का अनुरोध किया। एडीएम ने अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत प्रथम को उपरोक्त प्रकरण की जांच कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। इसी प्रकार अन्य नेताओं ने भी अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। किसान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में .षकों द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापरक निस्तारण मौके पर जाकर करें। शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाकर समस्या का निराकरण करायें। इस मौके पर उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह, जिला .षि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत तृतीय, अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई, जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड, अग्रणी जिला प्रबन्धक, सहायक अभियन्ता, विद्युत भण्डार गृह सहायक अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला, ज्येष्ठ .षि विपणन निरीक्षक, डॉ सुनील कुमार, उद्यान निरीक्षक, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं बाबू सिंह, रामदत्त मिश्रा महासचिव भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत), राकेश यादव, सत्य प्रकाश तिवारी सहित अन्य .षकगण एवं भारतीय किसान यूनियन व किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए।



# रमजान का चांद नजर आते ही बाजार में बढ़ी रौनक

## - लाला बाजार व चूड़ी गली समेत अन्य प्रमुख बाजारों में उमड़े खरीददार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुस्लिम समुदाय को रहमतों व बरकतों के महीना रमजान का बेसब्री से इंतजार रहता है। रमजान का माह कल (आज) से षुरू हो जाएगा। रमजान का महीना षुरू होने के चलते मुस्लिम बाहुल्य इलाकों की रौनक देखते ही बन रही है। षहर के लाला बाजार, चूड़ी गली समेत अन्य प्रमुख बाजार ग्राहकों से गुलजार हो गए हैं। खाद्य सामग्री के साथ–साथ अन्य जरूरत के सामानों की दुकानें भी सज गई हैं। जिनमें ग्राहकों की भीड़ देखी गई। बताते चलें कि रमजान माह को बरकतों व रहमतों का महीना भी कहा जाता है, इस माह में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखने के साथ–साथ पांच वक्त की नमाज व तरावीह मुकम्मल तौर पर अदा करते हैं। बताया जाता है कि इस माह में एक नेकी के बदले सत्तर नेकियों का सवाब मिलता है और मुस्लिम समुदाय के लोग जकात भी अदा करते हैं। रमजान का चांद नजर आते ही मुस्लिम बाहुल्य इलाकों की रौनक बढ़ गई। बुधवार को सुबह से ही लाला बाजार, चूड़ी गली, चौक, चौगलिया समेत अन्य प्रमुख बाजार में ग्राहकों की भीड़ नजर आई। रमजान माह में बनने वाली अफतारी की तैयारी में लोग जुटे रहे। लाला बाजार में सजी सेंवई व सूतफेनी की दुकानों में ग्राहकों का सैलाब उमड़ पड़ा। इसके अलावा खजूर की भी जमकर बिक्री हुई। बाजार में तरबूज की भी आमद षुरू हो गई है, क्योंकि रमजान में रोजदार इस फल को बेहद पसंद करते हैं। तरबूज में अभी महंगाई की मार झलक रही है लेकिन धीरे–धीरे इसके दामों में गिरावट भी आएगी।

### इनसेट-

### मस्जिदों में तरावीह का दौर शुरू

फतेहपुर। रमजान माह का चांद नजर आने से पहले ही मस्जिदों में साफ–सफाई का दौर षुरू हो गया था। मंगलवार व बुधवार को सभी मस्जिदों के जिम्मेदार साफ–सफाई में जुटे रहे और बुधवार की षाम तक सभी मस्जिदों को साफ–सुथरा कर दिया गया। मगरिब की नमाज के बाद लोगों ने चांद का दीदार किया और एक–दूसरे को रमजान की मुबारकबाद पेष की, तत्पष्चात सभी लोग तरावीह की तैयारियों में जुट गए और इषा की नमाज के लिए लोग बड़ी संख्या में मस्जिदों की ओर जाते दिखाई दिए। रमजान माह में तरावीह सुनना सुन्नत–ए–मुअक्किदा कहा जाता है इसलिए मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मस्जिद पहुंचते हैं। किसी मस्जिद में छह दिन तो किसी में सात, आठ तो किसी मस्जिद में पंद्रह दिन में पहला कुरआन मुकम्मल कराया जाता है। लोग अपनी सहूलियत के हिसाब से तरावीह सुनने के लिए मस्जिदों में पहुंचे।



# आत्मग्लानि के चलते युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## – पुलिस समय पर कार्यवाही करती तो न उठाना पड़ता ये कदम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम औरेई में मंगलवार की दोपहर 18 वर्षीय युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं युवती द्वारा की गयी घटना पर परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार औरेई गांव निवासी बसन्त लाल की पुत्री खुशबू देवी ने मंगलवार की दोपहर घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सचूना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के परिजनों ने बताया कि 15 फरवरी को घर के बाहर खुशबू व उसकी भाभी सविता बर्तन मांज रही थी। जिसका पानी पड़ोस में रहने वाले राजा के घर की तरफ चला गया। जिस पर राजा राकेश आदित्य अन्जू ने खुशबू व उसकी भाभी को घर से घसीट कर बुरी तरह लाठी डन्डो से पीट दिया था। उधर पीड़ित परिवार थाने पहुंचा तो पुलिस ने उनकी फरियाद सुनने के बजाय गाली गलौज कर थाने से भगा दिया। तीन दिन तक जब पुलिस ने पीड़ित की नहीं सुनी तो आत्मग्लानी के चलते उसकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर जब इस बात की खबर गांव में फेली तो पुलिस तत्काल कार्यवाही पर जुट गयी। पुलिस कार्यवाही समय पर कर लेती तो तो एक बेगुनाह की जान बच जाती। वहीं पुलिस ने राजा नामक एक युवक को पूंछतांछ के लिए हिरासत में लिया है।

## इफ्तार व सहरी




**सुन्नी हजरात:**

**पहले रोज़े का इफ्तार शाम 6:03 बजे**

**दूसरे रोज़े की सहरी सुबह 5:15 बजे**

**शिया हजरात:**

**पहले रोज़े का इफ्तार शाम 6:13 बजे**

**दूसरे रोज़े की सहरी सुबह 5:05 बजे**

# माह-ए-रमज़ान का चाँद नज़र आते ही फतेहपुर में बढ़ी रौनक

## मस्जिदों में पहली तरावीह को लेकर उमड़ी भीड़, बाज़ारों में दिखी चहल–पहल

नफीस जाफ़री

फतेहपुर। माह–ए–मुबारक रमज़ान का चाँद नज़र आते ही जनपद के मुस्लिम इलाकों में खुशी और अकीदत का माहौल कायम हो गया। बुधवार की शाम लोग चाँद के दीदार के लिए अपनी–अपनी छतों पर निगाहें टिकाए रहे। मगरिब की नमाज़ के बाद जैसे ही आसमान में बारीक चाँद की झलक दिखाई दी, वैसे ही लोगों ने एक–दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद दी।

चाँद दिखाई देते ही मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में रौनक बढ़ गई। इफ्तार व सहरी में इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्रियों की दुकानों पर खरीददारों की भीड़ देखने को मिली। देर शाम तक बाज़ारों में चहल–पहल का माहौल बना रहा। मस्जिदों से नमाज़–ए–तरावीह के समय का ऐलान किया गया, जिसके चलते पहली तरावीह में आम दिनों की अपेक्षा अधिक संख्या में नमाज़ी शामिल हुए।

शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में तरावीह एवं कुरान पाक मुकम्मल करने के लिए दिन निर्धारित कर दिए गए हैं। अधिकांश स्थानों पर नमाज़–ए–तरावीह का सिलसिला 6 दिन से लेकर 26 रमज़ान तक जारी रहेगा।

# युवक ने किया जान देने का प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर खलीलनगर में बीमारी से तंग 30 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार आबूनगर खलीलनगर मोहल्ला निवासी स्व0 केशन पाल का पुत्र महेन्द्र पाल कैंसर बीमारी से पीड़ित है। काफी इलाज कराया गया। कोई फायदा न मिलने पर तंग आकर बुधवार की सुबह उसने जहर खा लिया कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# अज्ञात वृद्ध का शव बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बुधवार को गाजीपुर थाना क्षेत्र की ग्राम सभा दरौली में उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के एक बाग में लगभग 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा मिला। सुबह ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया और शव को पोस्टमार्टम में रखा उसकी पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है।

# सेप्टिक टैंक में डूबकर भाई-बहन की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के बड़नपुर गांव में मंगलवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब पड़ोसी के सेप्टिक टैंक से सगे भाई–बहन के शव बरामद हुए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करने वाले राजेश की सात वर्षीय पुत्री शिवंशी और पांच वर्षीय पुत्र सुंदरम उर्फ शत्रुघन मंगलवार शाम अचानक लापता हो गए थे। बच्चों के घर न लौटने पर परिजनों ने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। देर शाम पड़ोसी द्वारा सूचना दी गई कि दोनों बच्चे उसके घर के पास बने सेप्टिक टैंक में पड़े हैं। यह खबर मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बच्चों को टैंक से बाहर निकाला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मृतक बच्चों की मां सुशीला देवी ने बताया कि वह पानी भरने गई थीं और दोनों बच्चे भी साथ थे। किसी बात पर उन्होंने बच्चों को डांटकर घर जाने के लिए भेज दिया था, लेकिन जब बच्चे घर नहीं पहुंचे तो उनकी तलाश शुरू की गई। परिजनों का कहना है कि जहां से शव मिले, वह स्थान उनके कच्चे मकान से करीब 30 मीटर की दूरी पर स्थित है। परिवार में कुल पांच बच्चे हैं, जिनमें शिवंशी और सुंदरम सबसे छोटे थे। बच्चों की बुआ आरती ने आशंका जताई कि पानी भरते समय दोनों दुर्घटनावश टैंक में गिर गए होंगे या फिर किसी ने उन्हें नुकसान पहुंचाकर वहां फेंक दिया हो। पुलिस ने दोनो शवों का अपने कब्जे में लेते हुये विच्छेदन के लिए भेज दिया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )